दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क
RAJASTHAN BUDGET 2024-25

महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट के लिए 100 करोड़ रुपए और आर्म फोर्सेज म्यूजियम के लिए प्रावधान।



# युवाओं के लिए 70,000 भर्तियों का ऐलान...

## आजादी के बाद पहली बार महिला वित्त मंत्री ने पेश किया अंतरिम बजट

## रोडवेज बसों में बुजुर्गों को 50 फीसदी की छूट



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश की भजनलाल सरकार का पहला अंतरिम बजट गुरुवार को पेश किया गया। आजादी के बाद पहली बार ऐसा मौका आया है जब महिला वित्त मंत्री ने बजट पेश किया। इससे पहले वसुंधरा राजे ने बजट पेश किया था, लेकिन बतौर मुख्यमंत्री के तौर पर। लोकसभा चुनाव से पहले वित्त मंत्री दीया कुमारी ने जनता को साधने के लिए बजट में कई लोकलुभावन घोषणाएं की हैं। युवाओं को साधने के लिए 70 हजार पदों पर नई भर्तियों की घोषणा की गई है। रोडवेज बसों में बुजुर्गों को भी किराए में 50 फीसदी की छूट देने की घोषणा की गई है। अब तक महिलाओं को यह छूट मिल रही थी। लेखानुदान भाषण में किसानों, महिलाओं, कर्मचारियों, मजदूर, व्यापारी, युवाओं और उद्योग व्यापार सहित हर वर्ग के लिए सरकार ने कुछ ऐलान किया है। वित्त मंत्री दीया कुमारी ने 4 महीने के लिए अंतरिम बजट में सिर्फ चीनी-गुड़ सस्ता किया गया है। दोनों पर लगने वाला मंडी टैक्स हटा दिया गया है। इससे आम लोगों को भी राहत मिल सकती है। इसके अलावा, भूमि कर समाप्त कर किया गया है। पेट्रोल और डीजल को लेकर किसी तरह की राहत नहीं दी गई है। सामाजिक सुरक्षा पेंशन के तहत बुजुर्ग और विधवा महिलाओं को दी जाने वाली पेंशन में 150 रुपए का इजाफा किया गया है। साथ ही किसानों के लिए गोपाल क्रेडिट कार्ड स्कीम भी शुरू होगी और 5 लाख गोपालकों को कर्ज दिया जाएगा।





### जरूरतमंदों को मिलेगी केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा

**अंतरिम** बजट में युवाओं के लिए भी सरकार ने लोकलुभावन घोषणा की है। वित्त मंत्री दीया कुमारी ने आगामी एक साल में 70,000 हजार पदों पर भर्तियां करने का ऐलान किया है। इसके अलावा हर जिले में रोजगार मेले और स्किल डेवलपमेंट प्रोग्राम शुरू करने का ऐलान किया गया है। साथ ही, आरपीएससी और कर्मचारी चयन बोर्ड का वार्षिक भर्ती कैलेंडर जारी करने का वादा भी किया है। इसके अलावा 20 हजार युवाओं को गाइड हॉस्पिटेलिटी की ट्रेनिंग दी जाएगी। कमजोर आय वर्ग और छोटे किसानों के बच्चों को राज्य सरकार मुफ्त शिक्षा देगी। उन्हें केजी से पोस्ट ग्रेजुएशन तक फ्री शिक्षा मिलेगी।

### तीन जिलों में रेजिडेंशियल गर्ल्स स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट

जयपुर, भरतपुर, उदयपुर में बालिकाओं के लिए रेजिडेंशियल गर्ल्स स्पोर्ट्स इंस्टीट्यूट खोले जाएंगे। इस पर 25-25 करोड़ रुपए की लागत आएगी। इसके अलावा 2028 के ओलंपिक खेलों के लिए 50 प्रतिभाशाली युवाओं को तैयार किया जाएगा। इसके लिए उन्हें ट्रेनिंग किट, कोर्स सहित सभी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए मिशन ओलंपिक 2028 की घोषणा की गई है। जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्स खोला जाएगा, जिस पर 100 करोड़ रुपए का प्रावधान किया जाएगा।

### जयपुर मेट्रो फेज-2 में बड़ा बदलाव

जयपुर मेट्रो के विस्तार की घोषणा की गई। भजनलाल सरकार ने जयपुर मेट्रो फेज-2 में बड़ा बदलाव किया है। अब तक सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक प्रस्तावित मेट्रो को विद्याधर नगर तक चलाने की घोषणा की है। इसकी घोषणा विधानसभा में वित्त मंत्री दीया कुमारी ने की। अंतरिम बजट पेश करते समय दीया कुमारी ने जयपुर में प्रस्तावित मेट्रो फेज-2 के नए रूट की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। इससे पहले कांग्रेस सरकार के समय फेज-2 की पहली डीपीआर बनाई गई थी।

### महिला वित्त मंत्री से दिक्कत है क्या!

दीया कुमारी की ओर से बजट भाषण पढ़ने के दौरान बार बार टिप्पणियां होती रहीं। विपक्ष के सदस्यों के बीच में बोलने पर दीया कुमारी ने कहा कि आप इतने बौखला क्यों रहे हैं। आपको महिला वित्त मंत्री से कोई दिक्कत है क्या। सदन के नेता मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने खड़े होकर कहा कि महिला वित्त मंत्री बजट पेश कर रही हैं, आप सबको सहयोग करना चाहिए। इस पर नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली ने कहा कि उन्हें महिला वित्त मंत्री से दिक्कत नहीं है, लेकिन उन्हें सिर्फ वही पढ़ना चाहिए जो दिल्ली से लिखकर भेजा गया है। वित्त मंत्री बजट पेश करें, उसके अलावा उन्हें कोई टीका टिप्पणी नहीं करनी चाहिए।

### 'यह सिर्फ मर्दों का प्रदेश नहीं है...'

राजस्थान बजट (लेखानुदान) पेश करते समय वित्त मंत्री दीया कुमारी ने पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार पर खूब सियासी तंज कसे। उन्होंने पूर्व मंत्री शांति धारीवाल की ओर से महिला अत्याचार से जुड़े विवादित बयान पर भी करारा जवाब दिया। प्रदेश की कानून व्यवस्था को सुदृढ़ करने का ऐलान करने के साथ ही दीया कुमारी ने कहा कि यह सिर्फ मर्दों का प्रदेश नहीं है, हमारे लिए महिला सुरक्षा प्राथमिकता है। यह कहते हुए उन्होंने पूर्व मंत्री की तरफ देखते हुए उनके द्वारा महिलाओं के लिए दिए गए बयान की याद दिलाई। पूर्व मंत्री शांति धारीवाल ने पिछले साल महिलाओं पर बढ़ते दुष्कर्म से जुड़े सवाल के जवाब में कहा था कि राजस्थान तो वैसे भी मर्दों का प्रदेश है।

**300 यूनिट सोलर बिजली मुफ्त के साथ सामाजिक सुरक्षा पेंशन को 1,000 रुपए से बढ़ाकर 1150 रुपए करने का किया ऐलान।**

**पीएम सम्मान निधि योजना में अब 6000 के स्थान पर 8000 रुपए की राशि की जाएगी प्रदान।**

**गर्भवती महिलाओं को मिलने वाली 5,000 रुपए की राशि को बढ़ाकर 6,500 रुपए किए जाने का किया ऐलान।**

## ये खास घोषणाएं...

- बजट अरावली हिल्स क्षेत्र के 30,000 हेक्टेयर में वृहद वृक्षारोपण की घोषणा के साथ जयपुर के निकट एक हाईटेक सिटी बनाने का ऐलान किया गया।
- राजकीय महाविद्यालयों में पढ़ने वाले प्रति विद्यार्थी को 1,000 रुपए प्रति वर्ष मिलेंगे।
- ईआरसीपी के तहत 13 जिलों के बजाय 21 जिलों में पानी की सप्लाई की जाएगी।
- किसानों को गेहूं पर 125 रुपए प्रति क्विंटल बोनस का ऐलान। इस पर 250 करोड़ रुपए का व्यय होगा।
- किसानों को ड्रोन से खेती की तकनीक को बढ़ावा देगी भजनलाल सरकार।
- प्रदेश में मिलेट्स के उत्पादन को बढ़ावा देने के लिए किसानों को बीच उपलब्ध करवाएगी सरकार।
- किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर गोपाल क्रेडिट कार्ड उपलब्ध कराए जाएंगे।
- युवाओं की काउंसिंग के लिए समस्त संभाग मुख्यालयों पर युवा साथी केंद्र बनेंगे।
- राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत प्रदेश में शिक्षा को गुणवत्ता पूर्ण बनाया जाएगा। लघु, सीमांत किसानों के लिए केजी से पीजी तक निशुल्क शिक्षा होगी।
- स्कूल भवनों की मरम्मत और टॉयलेट निर्माण के लिए 250 करोड़ रुपए का प्रावधान किया गया है।
- आर्थिक रूप से कमजोर छात्र-छात्राओं को कक्षा 1 से 8वीं तक के समस्त छात्रों और कक्षा 9 से 12वीं तक की छात्राओं को एक हजार रुपए प्रति वर्ष दिए जाएंगे। 70 लाख छात्र- छात्राओं को इसका लाभ मिलेगा।
- जयपुर के निकट हाईटेक सिटी विकसित की जाएगी। इसमें आईटी, एआई, एमएल सहित अन्य न्यू सब्जेक्ट के संस्थान स्थापित करने के लिए कंपनीज को छूट दी जाएगी।
- गरीब परिवारों में बालिका के जन्म पर एक लाख रुपए का बॉन्ड दिया जाएगा। इसके लिए लाडो योजना शुरू की जाएगी।
- लखपति दीदी योजना के अंतर्गत प्रदेश की महिला स्वयं सहायता समूह में 5 लाख परिवारों की आय एक 1 लाख रुपए वार्षिक से अधिक ले जाने का लक्ष्य
- 18 से 45 आयु वर्ष के श्रमिक और वेंडर्स के लिए मुख्यमंत्री पेंशन योजना लागू होगी। इसमें 60 से 100 रुपए मासिक प्रीमियम देने पर 2000 रुपए मासिक पेंशन दी जाएगी। इसमें राज्य सरकार 400 रुपए प्रीमियम देगी।
- वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज किराए में 50 प्रतिशत छूट दी जाएगी।
- कर्मचारियों को पदोन्नति में डीपीसी के लिए दो साल की छूट।
- वेतन और जीपीएफ की सभी सूचनाएं मोबाइल एप पर उपलब्ध कराई जाएंगीं।
- पेंशन रिटायरमेंट डे पर ही जारी की जाएगी।
- घर से ही डिजिटल लाइन सर्टिफिकेट जारी कर सकेंगे कर्मचारी।
- पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों के मानदेय में 10 प्रतिशत इजाफा किया जाएगा।
- पुलिस आधुनिकीकरण के लिए 200 करोड़ रुपए का फंड दिया जाएगा। नए पुलिस थानों में साइबर हेल्प डेस्क तैयार की जाएंगी।
- ब्लैक बेल्ट को स्पोर्ट्स कोटा में शामिल का जाएगा।

### अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति को मिलेगी राहत

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि जनता जनार्दन की आशाओं और आकांक्षाओं को ध्यान में रखकर हमारी सरकार ने बजट 2024-25 (लेखानुदान) प्रस्तुत किया है। इसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मंशानुसार महिलाओं, किसानों, छात्रों, व्यापारियों एवं कार्मिकों सहित सभी वर्गों को बड़ी सौगातें दी गई हैं। उन्होंने कहा कि आपणो अग्रणी राजस्थान के सपने को साकार करने की दिशा में इस बजट में महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए गए हैं। सीएम शर्मा ने कहा कि बजट राज्य सरकार के सुराज संकल्प के सपने को साकार करने वाला और प्रदेश को विकास एवं उन्नति के पथ पर अग्रसर करने वाला साबित होगा। 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास एवं सबका कल्याण' को केंद्र में रखते हुए इस बजट में अंतिम छोर पर खड़े प्रत्येक व्यक्ति को भरपूर राहत देने की ठोस पहल की गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने संकल्प पत्र को राज्य सरकार के नीतिगत दस्तावेज के रूप में स्वीकार किया है। संकल्प पत्र के वादों को पूरा करने की दिशा में यह लेखानुदान महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि यह लेखानुदान सरकार के लिए चुनौती भरा भी रहा क्योंकि पूर्ववर्ती सरकार के फैसलों से प्रदेश पर कर्ज भार बढ़कर दोगुना हो गया है। हमारी सरकार सूझ-बूझ, दूरदर्शिता और कुशल वित्तीय प्रबंधन से प्रदेश की आर्थिक प्रगति की नई इबारत लिखेगी।

**अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए राजस्थान इकोनॉमिक टॉस्क फोर्स के गठन का निर्णय सरकार ने लिया है। एमनेस्टी योजनाएं लाई जाएंगी, जो 31 जुलाई 2024 तक प्रभावित रहेंगी।**

## जरूरी खबर

### हेरिटेज निगम महापौर ने की जनसुनवाई



**बेधडक, जयपुर।** हेरिटेज निगम महापौर ने गुरुवार को जनता कालोनी स्थित दीनदयाल उपाध्याय सर्किल में जनसुनवाई की। इस दौरान उन्होंने इलाके में सफाई व्यवस्था का भी जायजा लिया और व्यवस्थाओं को देखा। साथ ही पार्क में मौजूद लोगों की समस्या भी सुनी। जनसुनवाई में भाजपा नेता रवि नैय्यर के अलावा उपायुक्त स्वास्थ्य सहित सतर्कता शाखा व अन्य शाखाओं के अधिकारी कर्मचारी मौजूद रहे।

### शिविर में फूड लाइसेंस और रजिस्टेशन जारी

**बेधडक, जयपुर।** राज्य सरकार द्वारा चलाई जा रही 100 दिवसीय कार्य योजना के अंतर्गत गुरुवार को एसबीआई बैंक के सामने बस स्टैंड लूनियावास सांगानेर में फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन शिविर आयोजित किया गया। इसमें भोजन और खाद्य सामग्री व्यापारियों के फूड लाइसेंस एवं रजिस्ट्रेशन मौके पर ही बनाकर वितरित किए गए। वहीं व्यापारियों को खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 नियम एवं विनियम 2011 के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। सुरक्षित व स्वच्छ खाद्य निर्माण के लिए फोस्टैक ट्रेनिंग दी गई। वहीं अंगदान एवं मोटे अनाज के महत्व के बारे में बताया गया। खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक कुमार सिंधी तथा कंप्यूटर सहायक विष्णु शर्मा व बबलू स्वामी ने दी।

### सेटबैक में सड़क की तरफ किया अवैध निर्माण तोड़ा



**बेधड़क, जयपुर।** जयपुर विकास प्राधिकरण की ओर से वर्धमान नगर बी के भूखंड 216 में सेटबैक कवर कर रोड की तरफ छज्जे-बालकनी के अवैध निर्माण को ध्वस्त किया गया। मुख्य नियंत्रक प्रवर्तन धर्मेंद्र कुमार यादव ने बताया सेटबैक कवर कर ग्राउण्ड फ्लोर पर रोड़ की तरफ अवैध छज्जे-बालकनी का निर्माण होने पर नोटिस जारी कर अवैध निर्माण रोकने के निर्देश दिए थे, लेकिन निर्माणकर्ता ने काम चालू रखा। इस पर जोन पीआरएन (साउथ) के राजस्व और तकनीकी स्टॉफ की निशादेही पर प्रवर्तन दस्ते ने ध्वस्त कर दिया।

## पुलिस आयुक्त के डिकॉय आपरेशन में सामने आई खामियां, मौके पर ही दिए सुधार के निर्देश

# हथियारों से लैस बदमाशों को पकड़ने खाली हाथ पहुंचे सीआई

**बेधड़क | जयपुर**

शहर में बड़ी आपराधिक घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस की तैयारी को परखने के लिए गुरुवार को डिकॉय आपरेशन किया गया। इस दौरान शहर पुलिस आयुक्त के सामने कई खामियां सामने आई।

जानकारी के अनुसार पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसेफ ने हथियार बंद बदमाशों को पकड़ने के लिए डिकॉय ऑपरेशन किया था। इसमें नाकाबंदी के दौरान उन्हें कई खामियां मिली। कई जगहों पर पुलिस अधिकारी बिना हथियार के ही नाकांबदी में वाहनों की जांच करते नजर आए। ऐसे में मौके पर ही पुलिस आयुक्त ने खामियों को दुरूस्त कराया और आगे के लिए पुलिस कर्मियों को सचेत किया। दरअसल, पुलिस आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने गुरुवार दोपहर 3.20 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को फोन कर फेक सूचना देने के लिए कहा। इस पर ईस्ट और नॉर्थ जिला पुलिस को उनके इलाके में दो संदिग्ध कार घूमने की सूचना दी गई। साथ ही बताया गया कि इन कारों में हथियारों के साथ बदमाश बैठे हुए हैं, जो शहर में बड़ी वारदात कर सकते हैं। पुलिस आयुक्त की ओर से आदेश दिया गया कि सभी थानाधिकारी जाप्ते सहित नाकेबंदी करें।

वहीं, डीसीपी भी राउंड लगाएं। इसके बाद सभी फील्ड में दौड़ पड़े। कंट्रोल रूम से मिली सूचना पर दोनों जिलों के डीसीपी मौके पर पहुंचे और नाकेबंदी शुरू की। इसके बाद जब आयुक्त और अतिरिक्त आयुक्त में इन नाकेबंदी की जांच की तो अलग-अलग खामियां मिली।

**आयुक्त जोसेफ के सामने अधूरी जानकारी के साथ फील्ड में उतरे पुलिसकर्मी**



### थाना प्रभारी नहीं दिखे पिस्टल के साथ

शहर में नाकेबंदी की सूचना के दौरान पुलिस का डिकॉय ऑपरेशन कराया गया। इस दौरान 12 से अधिक पॉइंटों पर जाकर नांकेबंदी देखी गई। एडिशनल कमिश्नर कुंवर राष्ट्रदीप ने भी 15 से अधिक पॉइंटों पर नाकेबंदी देखी। इस दौरान कई जगहों पर खामियां मिली। मौके पर जो ठीक हो सकता था, इस बारे में पुलिसकर्मियों को जानकारी दी गई। मुख्य रूप से पुलिसकर्मी नाकेबंदी की सूचना के बाद फील्ड में तो आए, लेकिनउन्हें पता नहीं था कि कौन सी कार को रोकना है। कुछ सीआई तो अपनी पिस्टल लेकर ही नहीं पहुंचे। कई जगहों पर अलग-अलग परेशानी थी। किसी ने बैरिकेड सही नहीं लगाए तो कहीं कार के साथ अन्य वाहनों को भी रोका जा रहा था। ऐसी कई कमियां मौके पर मिली, जिन पर काम करना बाकी है।

### पहली बार चेक हुई ए श्रेणी की नाकेबंदी

आयुक्त बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि पहली बार इस तरह का डिकॉय कराया है। इसमें शहर में नाकेबंदी, पुलिस का क्विक रिस्पॉस, नाकेबंदी में तैनाती और एक्शन चैक किया गया। हालांकि कई जगहों पर डिकॉय के दौरान कमियां मिली। उन्होंने बताया कि पहली बार नाकेबंदी को चैक किया गया, सभी को निर्देश दिए जाएंगे कि कैसे नाकेबंदी के दौरान पुलिस की मौजूदगी होनी चाहिए। हथियारों के साथ बदमाश अगर शहर में है तो पुलिस का लाइन ऑफ एक्शन क्या होना चाहिए।

## लव मैरिज कपल की सुरक्षा करेगी पुलिस, हेल्पलाइन नंबर जारी

# युवक-युवतियों की मदद के लिए बनाए नोडल अधिकारी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में लव मैरिज के बाद सामाजिक असुरक्षा से ग्रसित कपल की अब सुरक्षा अब पुलिस करेगी। लवमैरिज करने वाले बालिग युवक-युवतियों की सुरक्षा और मदद के लिए राज्य स्तर और जिला स्तर पर नोडल अधिकारी नियुक्त किए गए हैं। साथ ही इन अधिकारियों के हेल्पलाइन नंबर भी जारी किए हैं, जिससे कि कपल सुरक्षा और मदद के लिए संपर्क कर सकते हैं।

डीआईजी (आर्म्ड बटालियन) श्वेता धनखड़ को नोडल अधिकारी और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (महिला अत्याचार निवारण प्रकोष्ठ सिविल राइट्स जयपुर) नवीता खोखर को सहायक नोडल अधिकारी नियुक्त किया गया है।

डीआईजी श्वेता धनखड़ ने बताया कि बालिग युवक-युवतियों के स्वेच्छा से शादी करने के बाद परिवार वाले और जाति-समाज के लोगों की ओर से परेशान करने या अनुचित कार्रवाई करने पर पीड़ित कपल राज्य स्तरीय हेल्पलाइन नंबर 8764871150 या उनके मोबाइल नम्बर 9413179228 और सहायक नोडल अधिकारी नवीता खोखर से मोबाइल नंबर 9468952828 पर संपर्क कर सकते हैं। इसी प्रकार जिला स्तर पर पुलिस कंट्रोल रूम के नंबर और नियुक्त जिला नोडल अधिकारियों से उनके मोबाइल नम्बर पर संपर्क किया जा सकता है।





### जिला स्तर पर नियुक्त नोडल अधिकारी

जयपुर कमिश्नरेट के तहत जयपुर ईस्ट में आरपीएस नारायण लाल शर्मा से 9530425858, जयपुर वेस्ट में आरपीएस गुरु शरण राव से 8764866933, जयपुर नॉर्थ में अतिरिक्त पुलिस उपायुक्त मनोज शर्मा से 9829078087 व 8764865928, जयपुर साउथ में आरपीएस पूनम चंद बिश्नोई से 9530424971 इन नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

### इन रेंज में लगाए अधिकारी

जयपुर के अलावा अलावा अजमेर, सीकर, बीकानेर, भरतपुर, जोधपुर, पाली, कोटा, उदयपुर, बांसवाड़ा रेंज सहित जोधपुर कमिश्नरेट, जीआरपी अजमेर, जोधपुर जीआरपी अजमेर भी नोडल अधिकारी नियुक्त किए हैं।

### जयपुर ग्रामीण में रहेगा इनका जिम्मा

जयपुर ग्रामीण में आरपीएस सुरेश सांवरिया से 8764869049 व 9828086778, दूदू में आरपीएस रूप सिंह इन्दा से 8764514446, कोटपूतली बहरोड़ में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेम सिंह से 8764514324, खैरथल तिजारा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नरोत्तम लाल वर्मा से 9461151667, अलवर में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक नेहा अग्रवाल से 9782359494, भिवाड़ी में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक दिलीप कुमार सैनी से 8764502301, दौसा में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शंकर लाल मीणा से 8764870050 पर संपर्क कर सकते हैं।

## विधायक ने जांची व्यवस्था

# आधी रात भट्टा बस्ती थाने के निरीक्षण पर पहुंचे बालमुकुंदाचार्य



**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में बीजेपी सरकार के गठन के बाद से हवामहल विधायक बालमुकुंद आचार्य भट्टा बस्ती थाने के औचक निरीक्षण पर पहुंच गए। विधायक इन दिनों शहर की पुलिसिंग की जांच करने थानों का निरीक्षण कर रहे है। इसी कडी में वे भट्टा बस्ती थाना पहुंचे और पुलिसकर्मियों की हाजिरी चेक की। गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों को मौके पर जाकर चेक किया।

विधायक बालमुकुंदाचार्य ने बताया कि भाजपा सरकार बनने के बाद पुलिस व्यवस्था में क्या बदलाव आया है, यह जांच के लिए मैं भट्टा बस्ती थाने पहुंचा था। रात में गश्त पर निकले पुलिसकर्मियों की जानकारी ली। इस दौरान पुलिसकर्मी मुस्मैदी से काम कर रहे थे। यह बदलाव राजस्थान में बीजेपी सरकार बनने के बाद आया है कि पुलिसकर्मी वक्त पर अपना काम मुस्तैदी से कर रहे हैं। उन्होंने बताया कि वे सप्ताह में 3 से 4 दिन अलग-अलग स्थान का औचक निरीक्षण कर रहे हैं।

रात को 12 से 3 बजे तक मैं यह देखता हूं कि जिन लोगों को हकीकत में जनता की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया है, आखिर वे लोग क्या कर रहे हैं। किस चौकी पर कौन पुलिसकर्मी तैनात है। कहां कौन अधिकारी मॉनिटरिंग कर रहा है। इन सबको जांचने के लिए मैं लगातार सड़क पर उतर खुद मॉनिटरिंग करता हूं, ताकि आम जनता सुकून से रह सके। उन्होंने कहा कि अब हम महिलाओं की सुरक्षा के लिए विशेष सुरक्षा कर्मियों की तैनाती करने जा रहे हैं। इसके तहत हवामहल विधानसभा क्षेत्र के स्कूल, कॉलेज के साथ ही प्रमुख पर्यटक स्थल और सार्वजनिक स्थलों पर महिला पुलिसकर्मियों को सिविल ड्रेस में तैनात किया जाएगा।

## चार घंटे चले ऑपरेशन के बाद लौटाई मरीज की सांसें

# चाकू से घायल युवक की बचाई जिंदगी

**बेधड़क | जयपुर**

शहर के सवाई मान सिंह हॉस्पिटल में चाकू के वार से बुरी तरह घायल युवक का सफल ऑपरेशन कर जान बचाई गई। करीब 4 घंटे तक चले ऑपरेशन के दौरान युवक के हार्ट के चारों तरफ जमे खून के थक्कों को हटाकर धड़कनों को वापस नॉर्मल किया गया।

खास बात यह है कि ऑपरेशन के दौरान मरीज को हार्ट अटैक आ गया था। इंटरनल सीपीआर देकर कार्डियक एक्टिविटी शुरू की गई। ऑपरेशन के बाद मरीज स्वस्थ है। ट्रॉमा सेंटर के प्रभारी डॉ. अनुराग धाकड़ ने बताया कि खोरा बिसल निवासी युवराज सिंह को ट्रॉमा सेंटर लाया गया था। लूट के दौरान बदमाशों ने उसकी छाती पर चाकू से वार कर दिए थे। इससे उसके लंग्स और दूसरे एरिया में बहुत ज्यादा इंजरी हो गई थी। ऑपरेशन के दौरान पाया कि चाकू के वार से फेफड़ों के साथ हार्ट के चारों ओर खून का थक्का जम गया। इसके कारण युवक की धड़कनें तेजी से कम हो रही थी। ऑपरेशन में डॉ. प्रभा ओम, डॉक्टर दिनेश गोरा की मॉनिटरिंग में डॉ. आशीष, डॉ. आकाश, डॉ. बक्ताराम, एनेस्थीसिया टीम से डॉ. प्रियंका, डॉ. कुलश्रेठ, डॉ. शिल्पा और डॉ. अमित का सहयोग रहा।




## सुगम रेल परिवहन से विकास की बढ़ेगी रफ्तार

# रेल मार्गों के दोहरीकरण को मिली मंजूरी

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश के जयपुर-सवाई माधोपुर, अजमेर-चंदेरिया और लूनी-समदड़ी-भीलड़ी रेल लाइन के दोहरीकरण को कैबिनेट की मंजरूी मिल गई है।

उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी कैप्टन शशि किरण के अनुसार इस मंजूरी के बाद जयपुर-सवाई माधोपुर 131.27 रूट किलोमीटर व 152.77 ट्रैक किलोमीटर मार्ग का दोहरीकरण कार्य 1268.57 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया है। इस मार्ग के दोहरीकरण होने से लाइन क्षमता में बढ़ोतरी होगी तथा अधिक ट्रेनों का संचालन किया जा सकेगा। साथ ही ट्रेनों की गति में भी वृद्धि होगी। इस मार्ग के दोहरीकरण से डेडीकेटेड फ्रेट कॉरिडोर को फीडर मार्ग उपलब्ध होगा। जयपुर-सवाई माधोपुर रेल मार्ग के दोहरीकरण से रणथंभोर में वन्य अभ्यारण, चौथ का बरवाड़ा और शिवाड़ में स्थित धार्मिक स्थल तथा वनस्थली में शैक्षणिक संस्थानों के लिए बेहतर कनेक्टिविटी मिलेगी।



दोहरीकरण से क्षेत्र में पर्यटन, धार्मिक और शैक्षणिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा और क्षेत्र में रोजगार के अवसर उत्पन्न होंगे। वहीं अजमेर-चंदेरिया 178.20 रूट किलोमीटर व 212.08 ट्रैक किलोमीटर रेल मार्ग का दोहरीकरण कार्य 1813.28 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। इस मार्ग के दोहरीकरण होने से भीलवाड़ा में कपड़ा उद्योग तथा चित्तौड़गढ़ के आस-पास स्थित सीमेंट इंडस्ट्रीज को बढ़ावा मिलेगा। इसी तरह से लूनी-समदड़ी-भीलड़ी 278 रूट किलोमीटर व 315.57 ट्रैक किलोमीटर रेल मार्ग का दोहरीकरण कार्य 3530.92 करोड़ रुपए की लागत से स्वीकृत किया गया है।

वर्तमान में लूनी-समदडी रेलमार्ग पर बहुत अधिक ट्रेफिक रहता है जिसके कारण मार्ग पर बहुत अधिक व्यस्तता होने के कारण नई ट्रेनों का संचालन करने में कठिनाई होती है। इस मार्ग पर भविष्य में डबल स्टैक केंटेनर ट्रेन का संचालन किया जाना भी संभव होगा।

## सात जिलों में पारा दस डिग्री से कम

# बर्फीली हवा ने छुड़ाई धूजणी, माउंट आबू में पारा फिर शून्य पर

**बेधड़क | जयपुर**

प्रदेश में एक बार फिर सर्दी ने जनजीवन को प्रभावित किया है। उत्तर से आने वाली बर्फीली हवा ने सर्दी बढ़ा दी है। करीब 11 दिन बाद माउंट आबू में एक फिर से सर्दी का सितम शुरू हो गया है। यहां मैदानों में ओस की बूंदें जम गई।

हिल स्टेशन माउंट आबू में गुरुवार को न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस गिरकर शून्य पर आ गया। दूसरे शहरों में भी तापमान 5 डिग्री सेल्सियस तक गिरकर सिंगल डिजिट में आ गया, जिससे यहां सर्दी बढ़ गई। मौसम विशेषज्ञों का कहना है कि अगले दो-तीन दिन तापमान इसी तरह का बना रहेगा, लेकिन 11-12 फरवरी से तापमान बढ़ने लगेगा। इसक बाद धीरे-धीरे दिन गर्म होने लगेंगे। प्रदेश के सात जिलों का तापमान लुढ़क गया है। इसके तहत श्रीगंगानगर, अजमेर, कोटा, जैसलमेर, चूरू, बीकानेर, जोधपुर में न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस या उससे नीचे दर्ज हुआ।

सीकर के फतेहपुर में तापमान 6 डिग्री गिरकर 2 डिग्री सेल्सियस पर आ गया। अजमेर, कोटा, बीकानेर में न्यूनतम तापमान 4 डिग्री गिरकर सिंगल डिजिट में आ गया। हिल स्टेशन माउंट आबू में 28 जनवरी के बाद गुरुवार को तापमान जमाव बिंदु पर आया है। आबू में न्यूनतम तापमान 0 डिग्री पर दर्ज हुआ। इससे पहले बुधवार को यहां न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।



### सर्द हवा चलने से गलनभरी सर्दी

राजधानी जयपुर में गुरुवार को आसमान सुबह से बिल्कुल साफ रहा और तेज धूप रही। रात का न्यूनतम तापमान 10 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ। इससे पहले बुधवार को जयपुर में सुबह बादल रहे, जो दोपहर बाद हट गए। दोपहर से जिले में सर्द हवा चलनी शुरू हो गई। शाम तक सर्दी तेज हो गई और ठिठुरन बढ़ गई। जयपुर में अगले दो-तीन इसी तरह की सर्दी रहने की संभावना है।

### पश्चिमी राजस्थान में बादल छाए

पाकिस्तान से आ रही जेट विंड के कारण गुरुवार को भी जैसलमेर, बाड़मेर के एरिया में सुबह हल्के बादल छाए। हालांकि इन बादलों की ऊंचाई ज्यादा रही। इसके कारण बारिश होने की संभावना कम है। इन जिलों में बादल छाने के साथ सुबह सर्द हवा भी चली। जैसलमेर में बुधवार को भी सुबह आसमान में बादल छाए रहे थे, इस कारण यहां दिन का अधिकतम तापमान 23.5 डिग्री सेल्सियस, जोधपुर में 23.8 और बीकानेर में 21.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ था।

### अगले एक सप्ताह साफ रहेगा आसमान

मौसम केंद्र जयपुर से जारी फोरकास्ट के मुताबिक राज्य में अब अगले एक सप्ताह तक कोई वेदर एक्टिविटी नहीं होगी। आसमान साफ रहेगा और दिन में धूप रहेगी। 11-12 फरवरी से तापमान बढ़ने लगेगा। जबकि सुबह-शाम न्यूनतम तापमान सामान्य रहने से हल्की ठंडक रहेगी।

### टी- रविकांत ने देखी सिटी ऑपरेशन सेंटर की व्यवस्थाएं

**जयपुर।** यूडीएच के प्रमुख सचिव टी. रविकांत ने गुरुवार को जयपुर स्मार्ट सिटी में इंटीग्रेटेड सिटी ऑपरेशन सेंटर का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने नगर निगम हेरिटेज और जयपुर स्मार्ट सिटी द्वारा किए गए एसडब्ल्यूएम और सिटी सर्विलांस कार्यों की निगरानी की समीक्षा की। उन्होंने वास्तविक समय के आधार पर नगर निगम के विभिन्न जोनों और वार्डों द्वारा उपयोग की जा रही सभी निगरानी और सुधार उत्पादकों पर चर्चा की। उन्होंने नगर निगम हेरिटेज द्वारा अपनाई जा रही निगरानी प्रक्रियाओं के बारे में मार्केट एसोसिएशन और जनता को जागरूक करने का भी सुझाव दिया।

उप मुख्यमंत्री व वित्त मंत्री दीया कुमारी ने वित्त वर्ष 2024-25 का लेखानुदान (बजट) में की घोषणा

# अब मनचलों की खैर नहीं...

# गड़बड़ की तो एंटी रोमियो स्क्वॉड लेगी खबर




- जिला डीसीपी व एसपी करेंगे सुपरविजन महिला अफसर को मॉनिटरिंग की जिम्मेदारी
- सार्वजनिक स्थानों, बालिकाओं के छात्रावास और नारी निकेतन के आस-पास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे




**बेधड़क** | जयपुर

राज्य सरकार ने मनचलों पर नकेल कसने की तैयारी कर ली है। उत्तरप्रदेश की तर्ज अब प्रदेश में भी सरकार ने सभी जिलों में एंटी रोमियो स्क्वॉड का गठन करने की घोषणा कर दी है। उप मुख्यमंत्री दीया कुमारी ने बजट के दौरान यह घोषणा की है।

प्रदेश में नए बने 174 पुलिस थानों में महिला हेल्प डेस्क बनाई जाएगी। एंटी रोमियो स्क्वॉड की सुपरविजन खुद जिला डीसीपी व एसपी करेंगे, जबकि महिला अफसरों को मॉनिटरिंग करने की जिम्मेदारी दी जाएगी।

### ऐसे काम करेगी स्क्वॉड

इसके लिए एक टॉल फ्री नंबर जारी किया जाएगा, ताकि मंदिरों, मुख्य बाजारों, स्कूल-कॉलेज और प्रमुख मार्गों पर घूमने वाले मनचलों के आतंक से परेशान बालिकाएं सूचना दे सके। सूचना मिलने पर पुलिस टीम मौके पर पहुंच कर मनचलों के खिलाफ तत्काल कार्रवाई करेगी। एंटी रोमियो स्क्वॉड की टीम सार्वजनिक स्थलों के आस-पास ही कार्रवाई के लिए मौजूद रहेगी। इसके लिए अब पुलिस मुख्यालय के स्तर पर कार्य योजना तैयार करके सभी जिला एसपी व डीसीपी और कमिश्नर व रेंज आईजी को टीम का गठन करके मनचलों के खिलाफ कार्रवाई करने के लिए निर्देशित किया जाएगा।

### आधुनिकरण व संसाधनों पर खर्च होंगे 200 करोड़ रुपए

सरकार ने बजट में पुलिस को 200 करोड़ रुपए के बजट की सोगात दी है। पुलिस इस राशि से पुलिस थानों व तकनीकी के शाखा के आधुनिकरण के साथ में साइबर क्राइम को रोकने के लिए विशेषज्ञों की मदद लेगी। इसके अलावा पुलिस थानों के लिए वाहनों व आधुनिक हथियारों की खरीद के साथ में ट्रैफिक सिस्टम को सुधार करने के लिए आधुनिकरण पर खर्च किया जाएगा।

### लाडली सुरक्षा योजना के तहत अपराध पर होगा कंट्रोल

राज्य सरकार द्वारा लाडली सुरक्षा योजना शुरू की जाएगी। इस योजना के तहत महिलाओं व बालिकाओं के साथ होने वाली छेड़छाड़ की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए सार्वजनिक स्थानों, बालिकाओं के छात्रावासव नारी निकेतन के आस-पास सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे। भीड़-भाड़ वाले इलाकों में अभय कमांड सेंटर से निगरानी की जाएगी और संदिग्धों की पहचान करके संबंधित थाना पुलिस को सूचना दी जाएगी। इसके बाद पुलिस मौके पर पहुंच कर संदिग्धों के खिलाफ कार्रवाई करेगी। इसके लिए प्रशासन व पुलिस के अधिकारी मिलकर अब कार्य योजना तैयार करेंगे।

### 2000 करोड़ राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन

अंतरिम बजट में किसानों के लिए 2000 करोड़ का राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रास्ट्रक्चर मिशन बनाने की घोषणा की है। 20 हजार फार्म पोंड, 5000 किसानों के लिए वर्मी कंपोस्ट, फूड पार्क और हॉर्टिकल्चर हब बनेंगे। 500 कस्टमर हायरिंग सेंटर बनेंगे। किसानों को मुफ्त बीज किट दिए जांएगे।

### कर्मचारियों को डीपीसी में 2 साल की छूट

चुनाव से पहले सरकार ने कर्मचारियों को साधने का प्रयास भी किया है। ओल्ड पेंशन योजना में फिलहाल कोई परिवर्तन नहीं किया गया है। वहीं, कर्मचारियों को प्रमोशन में ज्यादा अवसर मिल सके, इसके लिए डीपीसी के लिए 2 साल की छूट देने की घोषणा की गई है। कर्मचारी और पेंशनर्स के लिए कॉन्फेड के माध्यम से दवाइयों की होम डिलीवरी की जाएगी।

### 4 बड़े शहरों में अटल इनोवेशन स्टूडियो

बजट में जयपुर, बीकानेर, भरतपुर और उदयपुर में अटल इनोवेशन स्टूडियो एंड एक्सीलरेटर्स की स्थापना करने की घोषणा की गई है। इन एक्सीलरेटर्स में सॉफ्टवेयर, कोडिंग, रोबोटिक टैबलेट और मल्टीमीडिया वीएफएक्स संबंधी वर्ल्ड क्लास सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए 1000 करोड़ रुपए खर्च होंगे।

### जयपुर में गिफ्ट सिटी जैसी हाईटेक सिटी

हैदराबाद के पास साइबराबाद सिटी, गुजरात की गिफ्ट सिटी की तर्ज पर जयपुर के पास हाइटेक सिटी विकसित करने का ऐलान किया गया है। हालांकि इसके लिए बजट की घोषणा नहीं की गई है। केंद्र सरकार गति शक्ति कार्यक्रम के तहत इसके लिए मदद करती है। दीया कुमारी ने कहा कि इस हाईटेक सिटी में वर्ल्ड क्लास सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी।

### पहले प्रसव पर 6500 रुपए मिलेंगे

प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के तहत गर्भवती महिलाओं को पहले बच्चे के लिए दो किस्तों में अभी 5 हजार रुपए दिए जा रहे थे। बजट में इसे बढ़ाकर 6500 रुपए करने की घोषणा की गई है।

### बेटी के जन्म पर एक लाख का बॉन्ड

गरीब परिवारों में बेटी के जन्म पर एक लाख रुपए का सेविंग बॉन्ड दिया जाएगा। इसके लिए प्रदेश में लाडो प्रोत्साहन योजना शुरू की जाएगी। भाजपा ने चुनाव के दौरान घोषणा पत्र में यह वादा किया था।

### लखपति दीदी योजना में 5 लाख परिवार

लखपति दीदी योजना का दायरा बढ़ाने की घोषणा की गई है। इस योजना को और ज्यादा गति देने के लिए अगले साल 5 लाख परिवारों को शामिल किया जाएगा।

### मिशन ओलंपिक 2028 घोषित

2028 के ओलंपिक खेलों के लिए 50 प्रतिभाशाली युवाओं को तैयार किया जाएगा। इसके लिए उन्हें ट्रेनिंग किट, कोर्स सहित सभी वर्ल्ड क्लास सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। इसके लिए मिशन ओलंपिक 2028 की घोषणा की है। जयपुर में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर स्पोर्ट्र्स खोला जाएगा, जिस पर 100 करोड़ का प्रावधान है।

## निकाय पार्षदों का भत्ता 10% बढ़ाया

**जयपुर।** प्रदेश की 230 से ज्यादा नगरीय निकायों के पार्षदों को मिलने वाले भत्तों में सरकार ने 10 फीसदी बढ़ोतरी करने का ऐलान किया है।

साल 2022 के बाद अब पार्षदों के भत्तों में बढ़ोतरी की गई है। इससे पहले गहलोत सरकार ने साल 2023 में निकाय प्रमुखों के वेतन-भत्तों में इजाफा किया था। विधानसभा में लेखानुदान बजट पेश करते हुए दीया कुमारी ने बताया कि सभी नगरीय निकायों के पार्षदों के साथ आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, सहायिका, आशा कार्यकर्ता, मिड-डे मील के कुक और सहयोगी के साथ पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधियों को मिलने वाले भत्तों में 10 फीसदी की बढ़ोतरी की जाएगी।

गौरतलब है कि वर्तमान में नगर निगम में पार्षदों को 4500 रुपए प्रतिमाह और 720 रुपए प्रति बैठक (साधारण सभा में शामिल होने पर) के हिसाब से भत्ते दिए जाते हैं, जबकि नगर परिषद में 3120 और 600 रुपए और नगर पालिकाओं में 2220 और 480 रुपए भुगतान दिया जाता है।

## जयपुर मेट्रो के दूसरे रूट में जोड़े जाएंगे नए स्टेशन

**जयपुर।** राजस्थान सरकार ने जयपुर मेट्रो फेज-2 में सीतापुरा से अंबाबाड़ी तक प्रस्तावित मेट्रो को विद्याधर नगर तक चलाने की घोषणा की है। इसकी घोषणा गुरुवार को वित्त मंत्री दीया कुमारी ने की। अंतरिम बजट पेश करते समय दीया कुमारी ने जयपुर में प्रस्तावित मेट्रो फेज-2 के नए रूट की डीपीआर तैयार करने के निर्देश दिए। राजस्थान सरकार द्वारा मेट्रो फेज-2 का विस्तार अगर 14 नंबर पुलिया तक किया जाता है तो इसमें 3 नए मेट्रो स्टेशन बनने की संभावना है। यह रूट 6.8 किलोमीटर लंबा हो सकता है, जिसमें अंबाबाड़ी के बाद विद्याधर नगर, मुरलीपुरा और 14 नंबर पुलिया पर मेट्रो स्टेशन बनने की संभावना है।

**बजट पर पॉलिटिशियन की प्रतिक्रिया**

# पक्ष ने आमजन को राहत देने वाला तो विपक्ष ने बताया निराशाजनक

विधानसभा में गुरुवार को वित्तमंत्री दीया कुमारी द्वारा प्रस्तुत वित्त वर्ष 2024-25 का लेखानुदान (बजट) को सत्ता पक्ष के नेताओं ने जहां आमजन को राहत देने वाला बताया है, वहीं विपक्ष ने इसे निराशाजनक और अदूरदर्शी बताया।

### एनर्जी सेक्टर के कायाकल्प की दूरदर्शी सोच: नागर

**जयपुर।** ऊर्जा राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) हीरालाल नागर ने कहा कि लेखानुदान (बजट) में जो घोषणाएं की हैं उनमें पूर्ववर्ती सरकार के कुप्रबंधन के कारण प्रदेश में बिजली कंपनियों के समक्ष जो वित्तीय संकट खड़ा हुआ है उसे दूर कर एनर्जी सेक्टर के कायाकल्प की दूरदर्शी सोच इसमें परिलक्षित होती है। ऊर्जा मंत्री ने कहा कि 70 हजार पदों पर भर्ती, ईस्टर्न राजस्थान कैनाल प्रोजेक्ट का दायरा और प्रोजेक्ट राशि बढ़ाने, लाडो प्रोत्साहन योजना शुरू करने, वरिष्ठ नागरिकों को रोडवेज बसों के किराए में छूट बढ़ाकर 50 प्रतिशत करने, सामाजिक सुरक्षा पेंशन राशि बढ़ाने, पीएम किसान सम्मान निधि की राशि बढ़ाने जैसी घोषणाओं से नौजवानों, महिलाओं, बुजुर्गों, किसानों, जरूरतमंदों सहित समाज के सभी वर्गों को लाभ मिलेगा।



### स्वास्थ्य क्षेत्र को मिलेगी मजबूती: चिकित्सा मंत्री

**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह ने कहा कि लेखानुदान (बजट) अंतिम छोर पर बैठे व्यक्ति के चेहरे पर मुस्कान लाने वाला है। विरासत में बड़ा कर्जभार मिलने के बावजूद बिजली, पानी, सड़क, शिक्षा एवं स्वास्थ्य को सर्वोच्च प्राथमिकता देने के साथ ही बजट में उन्नत राजस्थान बनाने की प्रतिबद्धता व्यक्त की गई है। बजट में स्वास्थ्य के क्षेत्र को प्रमुखता देते हुए सुगमतापूर्वक स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करवाने की कई घोषणाएं की गई हैं। कैंसर के ओपीडी में उपचार के लिए मुख्यमंत्री आयुष्मान आरोग्य योजना में आईपीडी के साथ डे-केयर पैकेज जोड़ने जैसी घोषणाएं स्वास्थ्य के क्षेत्र को मजबूती प्रदान करेंगी।



### नए राजस्थान के विकास को समर्पित बजट: राजे

पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने कहा कि लेखानुदान (बजट) आपणो अग्रणी राजस्थान के लक्ष्य को समर्पित राजस्थान सरकार का बजट नए राजस्थान के समग्र विकास को समर्पित है। बजट में 70,000 सरकारी पदों पर भर्तियां, 300 यूनिट तक निःशुल्क बिजली, 450 रु में गैस सिलेंडर, किसान क्रेडिट कार्ड की तर्ज पर 'गोपाल क्रेडिट कार्ड', 25 लाख परिवारों को नल से जल, बुजुर्गों को रोडवेज बस किराए में 50% की छूट, मंदिरों के विकास कार्य, जयपुर मेट्रो लाइन का विस्तार, पेंशन में 150 रु की वृद्धि तथा 5 लाख घरों में सोलर प्लांट लगाने जैसे कई महत्वपूर्ण निर्णय हैं।



### 'मोदी की गारंटी' की हवा निकली: गहलोत

पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कहा कि लेखानुदान (बजट) से राजस्थान की भाजपा सरकार ने 'मोदी की गारंटी' की हवा निकाल दी है, क्योंकि मोदी जी ने चुनाव में राजस्थान में पेट्रोल-डीजल की कीमतें गुजरात और यूपी जैसे पड़ोसी राज्यों के समान करने की गारंटी दी थी पर आज लेखानुदान में इसका जिक्र तक नहीं किया गया है। यह दिखाता है कि मोदी की गारंटी पूरी तरह खोखली हैं। किसान विरोधी सोच को प्रदर्शित करते हुए भाजपा सरकार ने हमारी सरकार द्वारा शुरू किए गए पृथक कृषि बजट को समाप्त कर दिया है।





### युवाओं के कल्याण को समर्पित बजट: शिक्षा मंत्री

**जयपुर।** शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने लेखानुदान (बजट) को गांव, गरीब, महिला सुरक्षा, किसान और युवाओं के कल्याण को समर्पित बताया। बजट में समाज के सभी वर्गों के हितों का भरपूर ख्याल रखा गया है, विशेषकर अल्प आय वर्ग, लघु-सीमांत एवं बटाईदार किसान तथा खेतिहर मजदूरों के परिवार के छात्र-छात्राओं को केजी से पीजी तक की निःशुल्क शिक्षा का ऐतिहासिक प्रावधान किया गया है। प्रदेश में बालिकाओं और महिलाओं की सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल किया है।


### हर वर्ग ठगा महसूस कर रहा है: डोटासरा

बजट दिशाहीन, विजनविहीन और घोर निराशाजनक है। हर वर्ग खुद को ठगा महसूस कर रहा है। भाजपा ने PM किसान सम्मान निधि को सिर्फ 8,000 रुपए किया। गेहूं की MSP 2700 रुपए प्रति क्विंटल खरीदने का वादा अधूरा रहा। सामाजिक सुरक्षा पेंशन सिर्फ 150 रुपए बढ़ाई।



### जनता का अपमान : खाचरियावास

यह बजट आंकड़ों का माया जाल है, पूर्व की कांग्रेस सरकार में बुजुर्ग, विकलांग, विधवा, किसान और नौजवान को जो दिया जा रहा था,वही इस बजट में पढ़कर प्रदेश की जनता का अपमान किया गया है। जनता को इस बजट से कुछ भी नहीं मिला।भाजपा जनता से किए वादों को भूल गई।



### आम आदमी की उम्मीदों पर पानी फेरा : बेनीवाल

बजट ने प्रदेश की जनता को निराश किया। पेट्रोल -डीजल पर वैट कम करने, किसान कर्ज माफी तथा राज्य राजमार्गों को टोल फ्री करने जैसी उम्मीदों पर पानी फेर दिया। सरकार ने दर्शा दिया कि वो आम आदमी के कल्याण को लेकर सकारात्मक नही है।



**जरूरी खबर**

## पालना गृह में मिली बच्ची, नाम रखा दीया कुमारी



**जैसलमेर।** बाल कल्याण समिति के परिसर में बने पालना गृह में सायरन बजने पर शिशु गृह स्टाफ को पालने में नवजात बच्ची मिली। नवजात बच्ची को शिशु गृह के स्टाफ ने अपने संरक्षण में लेकर पुलिस को सूचित किया। बच्ची स्वस्थ है और उसका नाम डिप्टी सीएम के नाम पर शिशु गृह के स्टाफ ने दीया कुमारी रखा है। पालना गृह में सायरन बजने पर स्टाफ ने बच्ची का मेडिकल करवाया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष मुकेश व्यास ने बताया कि शिशु गृह की केयर टेकर उसकी देखभाल कर रही है।

## शादीशुदा प्रेमी के साथ नाबालिग ट्रेन के आगे कूदी, मौत

**जैसलमेर।** नागौर से भागकर आए प्रेमी-प्रेमिका ने रामदेवरा (जैसलमेर) में ट्रेन के आगे कूदकर जान दे दी। लड़की नाबालिग थी, जबकि प्रेमी शादीशुदा था। दो बेटियों का पिता भी था। दोनों पांच फरवरी से घर से गायब थे। घटना रामदेवरा रेलवे स्टेशन से डेढ़ किलोमीटर पहले बुधवार रात नौ बजे की है। रामदेवरा थाने के हेड कांस्टेबल गोविंदराम ने बताया कि रणुजा एक्सप्रेस जैसलमेर-पोकरण की तरफ से रामदेवरा आ रही थी। इस दौरान युवक के साथ नाबालिग लड़की ट्रेन के आगे कूद गई। युवक की पहचान धनराज (30) पुत्र परसाराम नागौर के रूपसर निवासी के रूप में हुई। लड़की की उम्र करीब साढ़े 17 साल थी, जो रूपसर की ही रहने वाली थी।

## बेकाबू होकर नहर में गिरी वैन, चालक लापता



**बांसवाड़ा।** जिले में गुरुवार को एक वैन बेकाबू होकर नहर में गिर गई। हादसे की सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने क्रेन की मदद से वैन को बाहर निकाला, लेकिन चालक का कुछ पता नहीं चला। उसकी तलाश की जा रही है। एसपी अभिजीत सिंह ने बताया कि यह वैन कलाम बैग नाम के एक व्यक्ति की है। गाड़ी खराब होने पर इसे गैराज में ठीक करने के लिए भेजा था। वैन के ठीक होने के बाद गुरुवार दोपहर करीब 12:30 बजे चालक सलमान इसे लेकर लेकर जा रहा था, तभी हादसा हो गया। सेल्फ डिफेंस व स्थानीय गोताखोरों की मदद से चालक की तलाश में सर्च अभियान चलाया गया।

### केंद्रीय मंत्री ने पीबीएम अस्पताल में किया एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर का उद्घाटन

# नशे की लत में जकड़े लोगों को मिले सकेगी इलाज की सुविधा

**बेधड़क** | बीकानेर

वर्तमान में नशे की लत में जकड़े लोगों को नशे के दलदल से बाहर निकालने कर उन्हें समाज की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए केंद्र सरकार की ओर से प्रयास किए जा रहे हैं।

इसी कड़ी में अब बीकानेर जिले में नशे के शिकार लोगों को इलाज की श्रेष्ठ सुविधा मिल सकेगी। इसके लिए गुरुवार को पीबीएम अस्पातल के मनोरोग विभाग में एडिक्शन ट्रीटमेंट फेसिलिटी सेंटर की शुरुआत हुई। गौरतलब है केंद्र की ओर से 41 जगहों पर एडिक्शन ट्रीटमेंट फैसिलिटी सेंटर खोले जा



रहे हैं। इसी कड़ी में देश के 41वें और प्रदेश के चौथे सेंटर का बीकानेर में शुभारंभ हुआ।

केंद्रीय सामाजिक व न्याय मंत्री डॉ. विनोद कुमार ने केंद्रीय राज्य मंत्री रामदास अठावले, ए नारायण स्वामी और प्रतिमा भौमिक की मौजूदगी में वर्चुअली उद्घाटन किया। इस दौरान संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया, जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल उपस्थित रहे।

कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नशा मुक्त भारत अभियान के संदेश का ऑडियो विजुअल प्रसारण भी किया गया।

### नशामुक्त भारत के लिए सभी की भागीदारी आवश्यक

उद्घाटन के बाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री डॉ. विनोद कुमार ने कहा कि नशा मुक्त भारत अभियान के तहत अब तक 11 करोड़ लोगों को स्पोर्ट्स क्लब, बाइक रैली, म्यूजिकल नाइट आदि माध्यम के जरिए जागरूक किया जा चुका है। उन्होंने कहा कि नशा मुक्त खुशहाल भारत की परिकल्पना को साकार करने में हर व्यक्ति की भागीदारी जरूरी है। संभागीय आयुक्त उर्मिला राजोरिया ने बताया कि केंद्र सरकार की ओर से देश में 41 नशा मुक्ति उपचार केंद्र खोले गए हैं। इसमें प्रदेश के चार जिलों जोधपुर, पाली, अजमेर के साथ बीकानेर शामिल है। वहीं, उन्होंने राज्य के लोगों से अपील की, कि वो नशे से दूर रहे। नशा परिवार को बर्बाद करने का काम करता है।

### संभाग स्तर तक मिलेगा लोगों को फायदा

जिला कलेक्टर भगवती प्रसाद कलाल ने कहा कि इस केंद्र के खुलने से बीकानेर व आस-पास के जिलों के नशे से ग्रसित मरीजों का उपचार संभव हो सकेगा। साथ ही ये संस्थान नशा मुक्त भारत अभियान में अहम सहभागिता निभा सकेगा। इस सेंटर में शराब, डोडा-पोस्त, गांजा, भांग, अफीम, हेरोइन, स्मैक, इंजेक्शन, तम्बाकू व नशीली दवाओं के उपयोग से पीड़ित रोगियों को उपचार का लाभ मिल सकेगा। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य व नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी ने बताया कि एडिक्शन ट्रीटमेंट फेसिलिटी केंद्र में ओपीडी और आईपीडी रोगियों का मूल्यांकन, परामर्श, मनोसामाजिक हस्तक्षेप, मनोशिक्षा व सलाह प्रदान की जाएगी।

### भारत-सऊदी अरब के संयुक्त युद्धाभ्यास के आखिरी दिन...

# सरहद पर गरजी तोपें, दुश्मन के ठिकानों पर बरसाए बम

**बेधड़क** | बीकानेर

जिले में महाजन फील्ड फायरिंग रेंज गुरुवार को तोपों की गरजना से और बम धमाकों से दहल उठी। भारत और सऊदी अरब की सेनाओं के संयुक्त युद्धाभ्यास में दोनों देशों के जवानों ने युद्ध कौशल का प्रदर्शन किया। इस दौरान जवानों ने योजनाबद्ध तरीके से दुश्मन के ठिकानों को टारगेट बनाया।

युद्धाभ्यास के आखिरी दिन भारतीय सेना के जवान कभी विमान से उतरते नजर आए तो कभी तोप पर निशाने लगाते दिखे। दरअसल, यहां भारत की ब्रिगेड ऑफ गार्ड्स रेजिमेंट की बीसवीं बटालियन और सऊदी अरब की रॉयल सऊदी लैंड फोर्स के जवानों ने बीकानेर के महाजन फील्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास कर रही थी, जिसका गुरुवार को अंतिम दिन था। ये युद्धाभ्यास 29 जनवरी से शुरू हुआ था। दो चरणों में हुए युद्धाभ्यास के पहले चरण में वार कंडिशनिंग और सामरिक प्रशिक्षण दिया गया। दूसरे चरण में फिजिकल एक्टिविटी के साथ संयुक्त रूप से वेलिडेशन फेज हुआ। दोनों टुकड़ियों ने संयुक्त रूप से इन फेज में हिस्सा लिया। इस दौरान ऑपरेटिंग बेस का अस्थायी निर्माण किया गया। एक खुफिया निगरानी दल का ग्रिड बनाया गया। इसी दल ने गांव में छिपे दुश्मनों की खोज की। इसमें इन्फेंट्री कॉम्बैट व्हीकल (आईसीवी) और विभिन्न हथियारों से गोलाबारी करने के साथ ही ठिकाने पर उतरते जवानों ने दुश्मनों को निशाने पर लिया। इस दौरान प्लाटून युद्ध अभ्यास भी देखा गया।



### जवानों ने साझा किए युद्ध अनुभव

ये संयुक्त युद्धाभ्यास दोनों देशों के बीच रणनीतिक संबंधों को बढ़ाने में कारगर साबित हो सकता है। इस दौरान दोनों देशों के नब्बे जवानों ने एक दूसरे के साथ युद्धों के अनुभवों को साझा किया। सऊदी अरब के जवानों ने बताया कि किस तरह वे अपने देश में अत्याधुनिक हथियार से आतंकियों का मुकाबला करते हैं? इसी तरह भारतीय जवानों और अधिकारियों ने भी अपनी तकनीकी जानकारी सऊदी अरब के जवानों को दी।

### क्रिकेट में भी आजमाए हाथ

युद्धाभ्यास के दौरान दोनों देशों के जवानों ने क्रिकेट पर भी हाथ आजमाए। जवानों ने अपनी-अपनी टीम बनाकर क्रिकेट मैच खेला। महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज के जिस मैदान पर दिन में तोप गरज रही थी, वहीं दोपहर के बाद चौके-छक्कों की बारिश हो रही थी। जवान अपनी-अपनी टीम को जिताने के लिए हूटिंग भी करते रहे। इस दौरान जवानों के बीच बॉस्केटवॉल, वॉलीबॉल और रस्साकशी के मैत्रीपूर्ण मैच भी हुए।

### अब भारत के जवान जाएंगे सऊदी

भारत ने कई देशों की सेनाओं के साथ युद्धाभ्यास किया है। ये सभी युद्धाभ्यास संयुक्त राष्ट्र संघ के आदेश पर किए गए हैं। भारत ने रूस, यूएसए, सऊदी अरब सहित कई देशों के साथ महाजन फिल्ड फायरिंग रेंज में युद्धाभ्यास किया है। संयुक्त राष्ट्र के आदेश पर दोनों देशों के जवान एक-दूसरे के यहां जाते हैं। इन दिनों सऊदी अरब के जवान भारत में हैं और अब भारत के जवान भी सऊदी अरब में जाकर वहां की सेना के साथ संयुक्त युद्धाभ्यास करेंगे।

### कार सवार सात लोग गंभीर घायल

# तेज रफ्तार कार ने मां-बेटे और जेठानी को कुचला, तीनों की मौत

**बेधड़क** | बाड़मेर

जिले में कानासर बस स्टैंड पर गुरुवार को भीषण सड़क हादसा हो गया। इसमें मां-बेटे की की मौत हो गई और सात लोग घायल हो गए। जानकारी के अनुसार सुबह 9 बजे रेशमा (31) पत्नी सदमा हुसैन, उसका बेटा इमरान खान (5) और जेठानी सामाजिक कार्यक्रम में जाने के लिए कानासर बस स्टैंड पहुंचे थे।

तीनों सड़क किनारे खड़े होकर बस का इंतजार कर रहे थे। इस दौरान जोधपुर की तरफ से तेज रफ्तार में आ रही इको कार ने मां-बेटे और जेठानी को कुचल दिया। इसके बाद कार बेकाबू होकर सड़क पर पलट गई। कार सवार सहित 7 लोग घायल हो गए।

हादसे के बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। इस पर स्थानीय लोग और राहगीर मदद के लिए दौड़े और सभी घायलों को कानासर हॉस्पिटल पहुंचाया। डॉक्टरों ने रेशमा और उसके बेटे को मृत घोषित कर दिया। गंभीर घायल महिला की जेठानी को भियाड़ हॉस्पिटल में भेज दिया गया है। वहीं इको सवार घायलों का इलाज कानासर हॉस्पिटल में चल रहा है। मां-बेटे के शव को भीयाड़ हॉस्पिटल में रखवाया गया है। घायलों का इलाज जारी है।



### गुस्साए लोगों ने किया हाईवे जाम

हादसे के बाद मौके पर स्थानीय लोगों की भारी भीड़ जमा हो गई। हादसे को लेकर आक्रोशित भीड़ ने शिव फलसूंड स्टेट हाईवे को जाम कर दिया। टायर जलाकर विरोध प्रदर्शन किया गया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कानासर कस्बे में स्टेट हाईवे का खतरनाक मोड़ पड़ता है। स्टेट हाईवे पर सीनियर सेकंडरी स्कूल का मुख्यद्वार भी है। कानासर कस्बे गुजरने वाले स्टेट हाईवे पर स्पीड ब्रेकर नही होने से गुजरने वाले तेज रफ्तार वाहनों से इस मोड पर आए दिन हादसे होते हैं। पुलिस ने काफी समझाइश के बाद जाम खुलवा कर यातायात सुचारू किया।

### कपड़ा शोरूम में गोलीकांड का जताया विरोध

# व्यापारियों ने एसपी कार्यालय को घेरा

**बेधड़क** | धौलपुर

जिले में बुधवार को संतर रोड पर हुई फायरिंग की वारदात के बाद व्यापारियों में पुलिस के खिलाफ आक्रोश दिख रहा है। गुरुवार को उनका गुस्सा उबाल पर दिखा। स्थानीय व्यापारियों ने पुलिस पर अपराधों की रोकथाम में नाकाम होने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन किया।

व्यापारी पुलिस के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में बाजार से होकर निकले और एसपी ऑफिस पहुंचकर घेराव किया। एसपी को ज्ञापन देकर व्यापारियों ने जिले में बढ़ रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के साथ ही फायरिंग के सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने की मांग की। प्रदर्शन करते हुए एसपी ऑफिस पहुंचे व्यापारियों ने बताया कि निहालगंज थाना क्षेत्र में बीते कुछ दिनों से लगातार तीन फायरिंग की वारदातें हुई हैं। वहीं जगह-जगह चोरी की वारदातें भी लगातार हो रही हैं। इनसे व्यापारी वर्ग खासा परेशान है। दुकानदार और व्यापारियों में बदमाशों के आतंक से भय व्याप्त हो रहा है।



व्यापारियों ने बताया कि बुधवार को लड़कियां से छेड़छाड़ करने की शिकायत से नाराज बदमाशों ने एक दुकान में घुसकर फायरिंग की। इस फायरिंग के बाद दुकानदारों ने हिम्मत दिखाते हुए दो बदमाशों को अवैध हथियार के साथ पकड़ लिया। इसके बावजूद पुलिस ने व्यापारियों के खिलाफ ही हत्या के प्रयास में मामला दर्ज किया है।

व्यापारियों ने बताया कि अपराधी शहर में कभी भी दिनदहाड़े वारदातों को अंजाम देकर फरार हो जाते हैं, लेकिन पुलिस अपराधियों पर अंकुश लगाने में नाकाम साबित हो रही है।

### 16 ग्राम पंचायतों में सामाजिक अंकेक्षण कार्य संपन्न

# जनता के बीच रखी विकास कार्यों की रिपोर्ट

**बेधड़क** | टोंक

जिले की ग्राम पंचायतो में हुए विकास कार्यों की जांच एवं भौतिक सत्यापन के लिए 1 फरवरी से चल रही सामाजिक अंकेक्षण रिपोर्ट बुधवार को जिले की ग्राम पंचायतो में जनता के सामने रखी गई। अंकेक्षण दल ने जनता के समक्ष अपनी जांच रिपोर्ट रखी।

सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभाओं का पर्यवेक्षक एव निरीक्षण करने के लिए जिला परिषद टोंक के परियोजना अधिकारी नंदकिशोर बैरवा, लोकपाल पीसी जैन ने करेड़ा बुजुर्ग एवं जोधपुरिया ग्राम पंचायत में औचक निरीक्षण ग्राम सभाओं का जायजा लिया। परियोजना अधिकारी ने पंचायत में पहुंचकर सामाजिक अंकेक्षण दल ने 6 दिन विकास कार्यों की जांच रिपोर्ट देखी। वहीं सामाजिक अंकेक्षण कार्य के दौरान नियमित रूप से ग्राम पंचायतो में पहुंचकर निष्पक्ष और पारदर्शिता के साथ कार्य करने की बात कही। इसके बाद पंचायत के ग्राम विकास अधिकारी से मनरेगा के सात रजिस्टर, कैश बुक, व्यक्तिगत एवं सार्वजनिक कार्यों के लाभार्थियों की सूची सहित विभिन्न दस्तावेज मंगवाकर उनकी जांच की गई।



परियोजना अधिकारी ने पंचायत के कर्मचारियों को सामाजिक अंकेक्षण ग्राम सभा के व्यापक प्रचार-प्रसार के निर्देश दिए। इस दौरान लोकपाल पीसी जैन ने भी महिलाओं को मनरेगा के अंतर्गत उनके अधिकारों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पंचायत में आकर काम मांगना आपका अधिकार है। जिला संसाधन व्यक्ति गणपत बैरवा, नीतू साहू ने बताया कि जिले में 1 फरवरी से 16 ग्राम पंचायत में सामाजिक अंकेक्षण कार्य शुरू हुआ था। ग्राम सभा में जिला परिषद के सीताराम शर्मा भी मौजूद थे।

### विधानसभाध्यक्ष ने अजमेर परिवहन एवं यातायात विभाग की ली बैठक

# अधिकारी सुधारें ट्रैफिक के हालात, लगना चाहिए स्मार्ट है शहर: देवनानी

**बेधड़क** | अजमेर

विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने पुलिस, परिवहन एवं यातायात विभाग को अजमेर शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को स्मार्ट बनाने की जिम्मेदारी दी है। उन्होंने कहा कि अब तक जैसा चलता रहा, उसे बदलें।

ट्रैफिक को आमजन की सुविधा को देखते हुए नियमों के साथ संचालित किया जाए। निजी बसें, ऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा और सिटी बसें निर्धारित रूट और स्टैंड पर ही चलें। यातायात समस्या वाले क्षेत्रों के लिए विशेष प्लान बना कर काम किया जाए। देवनानी ने बुधवार को शहर की यातायात संबंधी बैठक ली। उन्होंने पुलिस, परिवहन एवं यातायात विभाग को निर्देश दिए कि शहर में ट्रैफिक की व्यवस्था को तुरंत प्रभाव से सुधारा जाए। अब पुराने ढर्रे के बजाए पूरी तरह नियमों के अनुसार काम किया जाए। शहर में सबसे बड़ी समस्या बेतरतीब यातायात की है, इसे सुधारा जाए। उन्होंने बताया कि शहर में विभिन्न स्थानों पर अवैध बस अड्डे संचालित हैं। इनमें गौरव पथ देवनारायण मंदिर, जवाहर रंगमंच के पास, आजाद पार्क के सामने, एसपी ऑफिस के पीछे, कलेक्ट्रेट के सामने, रोडवेज बस स्टैंड के सामने, कोर्ट परिसर के समीप अवैध वाहनों का संचालन दिनभर होता है। साथ ही टेंपो और सिटी बस निर्धारित स्टैंड पर रुकने के बजाय कहीं भी खड़ी हो जाती है।

इससे यातायात प्रभावित होता है एवं दुर्घटना की संभावना रहती है। इस पर त्वरित प्रभाव से कार्रवाई की जाए।



### चौराहों पर ट्रैफिक सिग्नल शुरू हों

देवनानी ने अजमेर शहर में विभिन्न चौराहों पर निष्क्रिय ट्रैफिक सिग्नल चालू करने, सड़कों पर ब्रेकर नियमानुसार बनवाने, शहर के मुख्य चौराहों पर जेब्रा लाइन बनवाने, क्षतिग्रस्त डिवाइडर दुरुस्त करवाने को अधिकारियों को निर्देश दिए। जेएलएन अस्पताल, रोडवेज बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के बाहर बड़ी संख्या में ई-रिक्शा अव्यवस्था फैला रहे हैं। ई-रिक्शा का संचालन नियोजन अनुसार किया जाए। विधानसभा अध्यक्ष ने बताया कि जवाहरलाल नेहरू अस्पताल के बाहर एम्बुलेंस, ढाबा, दुकानों को अतिक्रमण नहीं करने दिया जाए। इसके कारण अस्पताल की सड़क सिंगल रोड़ में तब्दील हो गई है। इस पर यातायात पुलिस द्वारा सख्त कार्रवाई की जाए। शहर में निर्धारित स्थानों पर ट्रैफिक गुमटी लगवाई जाए।

### अवैध बसों पर की जाए कार्रवाई

उन्होंने बताया कि रोडवेज बस स्टैंड के बाहर जयपुर के लिए अवैध मिनी बसों के संचालन पर पुलिस द्वारा कार्रवाई की जाए। आगरा गेट पर रूट डायवर्ट को सही किया जाए। सेवन वंडर के बाहर ऐक्सीडेंटल जोन बना हुआ है, इसे सुधारा जाए। मार्टिण्डल ब्रिज, रामप्रसाद घाट पर पुलिस की तैनाती की जाए। देहली गेट, दरगाह बाजार, नया बाजार, चुडी बाजार आदि शहरी क्षेत्रा में बिना परमिट के चल रहे टेम्पों एवं बैट्री रिक्शा पर कार्रवाई की जाए।

### पार्किंग के हों पुख्ता इंतजाम

स्पीकर देवनानी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि शहर में पार्किंग व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए जाएं। रामप्रसाद घाट से मेरवाडा स्टेट तक अवैध रूप से गाड़िया खड़ी रहती हैं, उन्हें निर्धारित पार्किंग स्थान पर खड़ा करवाए। बाल भैरव मंदिर से देहली गेट एवं सोभराज के पीछे ऋषि घाटी तक अवैध वाहन खड़े करने पर कार्रवाई की जाए। कडक्का चौक पर सुगम यातायात व्यवस्था के लिए वन-वे किया जाए। इसी तरह डिग्गी चौक में भी यातायात सुधारा जाए।

## आईआईएस यूनिवर्सिटी में एनुअल कल्चरल फेस्ट का रंगारंग आगाज

# बॉलीवुड के गीतों पर जमकर थिरकी छात्राओं के साथ झूमे दर्शक

■ प्रतियोगिताओं में दिखाया टैलेंट, जीते पुरस्कार

**बेधड़क** | जयपुर

तल्ख बयार के बीच गुनगुनाती धूप में हरीतिमा लिए आईआईएस (डीम्ड टू बी यूनिवर्सिटी) का कैंपस ग्राउंड एनुअल कल्चरल फेस्ट कॉस्मॉस-2024 के रंगारंग आगाज पर जश्नी सुरूर से सराबोर दिखाई दिया। आकर्षक लिबास में सजीली छात्राओं ने मौज मस्ती के साथ बॉलीवुड फिल्मी गानों पर जमकर डांस किया। प्रतियोगिताओं में करीब 150 छात्राओं ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। स्टूडेन्ट्स व फैकल्टीज ने सजी-धजी 50 स्टॉल्स में खाने-पीने व शोपिंग का लुत्फ उठाया। तीन दिवसीय एनुअल कल्चरल फेस्ट का उद्घाटन आईआईएसयू के चांसलर डॉ.अशोक गुप्ता ने किया।

इस मौके पर आईआईएसयू इंक्यूबेशन सेन्टर की भी शुरुआत हुई। समारोह के दौरान यूनिवर्सिटी की रजिस्ट्रार डॉ. राखी गुप्ता समेत वाइस चांसलर टीएन माथुर एवं विभिन्न संकायों के डीन व अनेक टीचर्स भी मौजूद रहे। बॉलीवुड थीम पर हो रहे कॉस्मॉस-2024 के पहले दिन गुरुवार को कई रोचक व दिलचस्प प्रतियोगिताएं हुईं। क्रिएटिव रिले, रीसाइकल रिवाइवल, अलफाज, बिजनेस प्लेनेथन, स्टाइल सिम्फनी एवं मुद्रा जैसी कई इंटर यूनिवर्सिटी और इंट्रा यूनिवर्सिटी प्रतियोगिताएं हुईं। स्टूडेंट्स ने अपने टैलेंट का शानदार प्रदर्शन कर प्रशंसा बटोरी।

इस दौरान स्टिगर डिजाइन प्रतियोगिता के विजेताओं को भी पुरस्कृत किया गया।



### फैशन सिंफनी

फैशन स्टाइलिंग प्रतियोगिता में कुल 16 ग्रुप्स में छात्राओं ने फैशन के विभिन्न आयामों को आकर्षक रैंपवॉक से शोकेस किया। इनमें फर्स्ट येशा सलेचा व सौम्या अग्रवाल सेकंड दिया शर्मा व अंजली तिवारी व थर्ड प्राइज नेहा दोशी व नेहा सैनी को दिया गया। एनुअल कल्चरल फेस्ट के दूसरे दिन शुक्रवार को कुकरी प्रतियोगिता, ईकोनोपोली, सोलो व डूएट सॉन्ग, ग्रुप डांस, फेसमास्क पेंटिग, बॉलीवुड क्विज़, टैराकोटा प्लेट डिजाइन, नुक्कड़ नाटक, पेज टु स्टेज, कॉस्मॉस रील मेकिंग, फोटोग्राफी एवं शॉर्ट फिल्म जैसे कॉम्पटिशन्स होंगे।

### हिंदी कैटेगरी में वर्षा लोढ़ा और इंग्लिश कैटेगरी में रुद्राक्षी सिंह प्रथम

क्रिएटिव रिले क्रिएटिव, स्पॉन्टेनिटी व राइटिंग स्किल्स प्रतियोगिता के विजेताओं में हिन्दी कैटेगरी में फर्स्ट कानोड़िया कॉलेज की वर्षा लोढ़ा व नयनशिखा शेखावत रहीं। वहीं इंग्लिश कैटेगरी में फर्स्ट आईआईएसयू से रुद्राक्षी सिंह व ध्रुवी, सेकंड सोनल शर्मा व आर्ची मेवाडा, थर्ड कनक सैन व अनविता अहलावत रहे। अलफाज ओपन माइक सिंगिंग, डांस, पॉइट्री एवं कम्यूनिकेशन में फर्स्ट जानवी इस्टवाल, सेकंड नव्या पारीक, थर्ड विधि शर्मा एवं फोर्थ संयुक्त रूप से याशिका कर्मचंदानी व आंचल जुनेजा रहे। मुद्रा डांस प्रतियोगिता में फर्स्ट रिया शर्मा रही।




## Yuva स्टोरीज



### जेईसीआरसीयू में '6 आदित्य एल 1 सपोर्ट सेल वर्कशॉप'

**जयपुर।** जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में तीन दिवसीय '6 आदित्य एल 1 सपोर्ट सेल वर्कशॉप' का आयोजन हुआ। ये तीन दिवसीय वर्कशॉप जयपुर और जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी के लिए बहुत महत्वपूर्ण रहा, क्योंकि इस वर्कशॉप में पहली बार तीन दिनों तक 6 आदित्य एल 1 के 7 वैज्ञानिकों में से 5 यूनिवर्सिटी कैंपस में मौजूद रहे और उन्होंने बच्चों के संग कई महत्वपूर्ण जानकारियां साझा की। इस मौके पर पब्लिक टॉक के विषय 'आदित्य-एल1 मिशन' 'भारतीय अंतरिक्ष विज्ञान कार्यक्रम' और 'इंजीनियरिंग फॉर एस्ट्रोनॉमी' रहे।



### जीसीईसी में बजट पर परिचर्चा का आयोजन

**जयपुर।** जीसीईसी ग्लोबल फाउंडेशन की ओर से बजट परिचर्चा रखी गई। बजट के दौरान बजट सत्र का लाइव टेलीकास्ट किया गया, जिसमें विभिन्न वर्गों के लोगों ने अपने-अपने पॉइंटर्स नोट किया एवं इसके बाद बजट परिचर्चा आयोजित हुई। फाउंडेशन के फाउंडर परेश गुप्ता ने बताया की बजट पूरी तरह से सभी वर्गों को ध्यान में रखकर दिया गया है। इस दौरान को फाउंडर पूजा गुप्ता एवं निदेशक शिव सक्सेना समेत अन्य लोग उपस्थित रहे।

### एसकेआईटी: स्टूडेंट्स को बताया पर्यावरण संरक्षण का महत्व




### ऊर्जा व पर्यावरण संरक्षण पर किया जागरूक

**जयपुर।** एसकेआईटी की ओर से शिवदासपुरा के खेड़ा जगन्नाथपुरा स्थित राप्रावि में उन्नत भारत अभियान के तहत विद्यालय के छात्रों में ऊर्जा व पर्यावरण संरक्षण विषय पर जागरूकता प्रोत्साहन व ज्ञान से संबंधित कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में ऑप्टिका स्टूडेंट चैप्टर एसकेआईटी तथा ऑप्टिका स्टूडेंट चैप्टर एमएनआईटी के संयुक्त संयोजन में डॉ. रुखसार जफर और राहुल पाण्डेय के निर्देशन में छात्रों को प्रकाश के विभिन्न गुणों पर क्रियात्मक व व्यावहारिक प्रदर्शन दिया गया। एस. के.आई. टी. के सहायक आचार्य डॉ. अमित झालानी ने छात्रों को पर्यावरण की महत्ता, पर्यावरण व ऊर्जा संरक्षण के उपाय तथा इसपे मानव जीवन की निर्भरता को समझाया। कार्यक्रम के को-ऑर्डिनेटर सह आचार्य डॉ. किरण राठी, दिनेश कुमार के निर्देशन में इसी विषय वस्तु पर एक कलात्मक प्रतियोगिता का आयोजन भी किया गया तथा सभी छात्रों को पुरस्कृत करके उनका उत्साहवर्धन किया गया।

## निर्वाण विवि जयपुर में खुला सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र

# सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़े चिंताजनक: निधि सिंह

### वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग डॉ.पांडे भी समारोह में रहे मौजूद




**बेधड़क** | जयपुर

संयुक्त परिवहन आयुक्त निधि सिंह और वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल) डॉ.एल.एन. पांडे ने गुरुवार को यहां निर्वाण विश्वविद्यालय में सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र एवं बीएलएस ट्रेनिंग सेंटर का उद्घाटन किया।

उल्लेखनीय है कि निर्वाण विश्वविद्यालय परिसर में बुधवार से आयोजित दो दिवसीय कार्यशाला 'सत्यम' के समापन समारोह से पूर्व सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र का शुभारंभ किया गया।

निदेशक, सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट डॉ. प्रेरणा अरोड़ा सिंह के निर्देशन में यह कार्यशाला (सत्यम) आयोजित की गई। समापन समारोह में संयुक्त परिवहन आयुक्त निधि सिंह ने कहा कि भारत में बढ़ती सड़क दुर्घटनाएं चिंता का विषय है। उन्होंने इनके आंकड़ों पर गौर करने और इन्हें गंभीरता से लेकर हादसों पर कंट्रोल करने पर बल दिया। इस अवसर पर डॉ.एल. एन. पांडे ने सेमेरिटन कानून और जीवन रक्षा योजना के बारे में जानकारी दी।

### केंद्र सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा: सिहाग

निर्वाण विश्वविद्यालय के चेयरमैन डॉ.एस.एल. सिहाग ने इस अवसर पर कहा कि डब्ल्यूएचओ सहयोग केंद्र फॉर इमरजेंसी एंड ट्रॉमा केयर, एम्स, नई दिल्ली एवं परिवहन और सड़क सुरक्षा विभाग, राजस्थान के सहयोग से विश्वविद्यालय परिसर में यह केंद्र स्थापित किया जा रहा है, जो आने वाले समय में सभी के लिए उपयोगी सिद्ध होगा। सीईओ एंड वाइस चेयरमैन डॉ.आर.के. अरोड़ा ने बताया कि विश्वविद्यालय परिसर में इस केंद्र की स्थापना से सड़क सुरक्षा के प्रति सामुदायिक जागरूकता और समझ बढ़ेगी। कुलपति प्रो.अरविंद कुमार अग्रवाल ने सामुदायिक स्वास्थ्य और आपातकालीन देखभाल में परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल) द्वारा आयोजित कार्यशाला एवं सड़क सुरक्षा प्रबंधन केंद्र के उद्घाटन को नवीन सामुदायिक नवाचार बताया।

### एम्स के प्रशिक्षकों को किया सम्मानित

कार्यशाला के अंत में एम्स से आए हुए सभी प्रशिक्षकों को मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया साथ ही सभी प्रतिभागियों को कार्यशाला के प्रमाण पत्र दिए गए। रजिस्ट्रार प्रो. पी.के. राघव ने परिवहन एवं सड़क सुरक्षा विभाग (सड़क सुरक्षा सेल), सेंटर फॉर रोड सेफ्टी मैनेजमेंट एवं एम्स से आए हुए अतिथियों और टीम मेंबर्स को धन्यवाद ज्ञापित किया और भविष्य में भी इस प्रकार की कार्यशालाएं आयोजित करवाने की प्रतिबद्धता जताई।

## कानोड़िया महाविद्यालय में रसायन विज्ञान पर अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस

# हरित रसायन और सफल शोध की दी जानकारी



**बेधड़क** | जयपुर

राजधानी के कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय के रसायन विभाग और सोसाइटी ऑफ मैटेरियल केमिस्ट्री जयपुर चैप्टर की ओर से गुरुवार को एक दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। कॉन्फ्रेंस का विषय रसायनिक विज्ञान में अनुसंधान के व्यावहारिक ज्ञान रखा गया।

महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. सीमा अग्रवाल ने यह जानकारी दी। कार्यक्रम में वक्ता ईरान के सेमनान विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ.अहमद होसेनी बंदेघराई रहे। उन्होंने छात्राओं को सफल शोध कार्य करने के तरीकों के बारे में विस्तार से समझाया।

कॉन्फ्रेंस में भाभा परमाणु अनुसंधान संस्थान के पूर्व वैज्ञानिक और सहयोगी अनुसंधान निदेशक प्रो. सुभाष त्रिपाठी ने हरित रसायन के दायरे के बारे में विभाग को जानकारी दी। कार्यक्रम में राजस्थान विश्वविद्यालय की प्रो. नीलिमा गुप्ता ने हिस्सा लिया।

### शास्त्रीय संगीत सभा का आगाज आज से

**जयपुर।** शास्त्रीनगर स्थित संगीत आश्रम संस्थान का दो दिवसीय शास्त्रीय संगीत सभा का आगाज 9 फरवरी, शुक्रवार शाम 4:00 बजे संस्थान परिसर में ही होगा। संस्थान सचिव अमित अनुपम ने बताया कि शास्त्रीय संगीत सभा के पहले दिन कथक नृत्य संध्या होगी। वहीं दूसरे दिन 10 फरवरी की शाम 4:30 बजे संस्थान के ही स्टूडेंट्स विभिन्न राग-रागनियों के सुर साधेंगे।

## 'अन्वेषण—2024' आकर्षण का केंद्र बने 'पावर जनरेशन बाय एग्जॉस्ट' और 'हाइड्रोलिक बॉडी एडिंग सिस्टम'

# दिल्ली में छाए जयपुर के स्टूडेंट्स के इनोवेटिव प्रोजेक्ट

**बेधड़क** | जयपुर

पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स के बनाए दो इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स को दिल्ली के नेशनल साइंस सेंटर में आयोजित इंजीनियरिंग एंड साइंस कॉम्पिटिशन 'अन्वेषण—2024' में काफी सराहना मिली। यहां कॉलेज के फर्स्ट ईयर के स्टूडेंट समृद्धि सैनी व प्रियांशु शर्मा द्वारा 'पावर जनरेशन बाय एग्जॉस्ट' और सेकंड ईयर के नूपुर यादव एवं रिजु द्वारा 'हाइड्रोलिक बॉडी एडिंग सिस्टम' प्रोजेक्ट प्रदर्शित किए गए। अगस्त्य इंटरनेशनल फाउंडेशन की ओर से आयोजित इस दो दिवसीय एग्जीबिशन में देशभर के इंजीनियरिंग कॉलेजों के स्टूडेंट्स ने स्कूली स्टूडेंट्स के साथ मिलकर इनोवेटिव प्रोजेक्ट्स डिस्प्ले किए। ये सभी प्रोजेक्ट इस बार की थीम 'टेक्नोलॉजीज रोल इन सस्टेनिंग द फाइव एलिमेंट्स' के अंतर्गत रीयल लाइफ की समस्याओं पर आधारित थे।



### ये स्कूली स्टूडेंट्स भी हुए शामिल

'अन्वेषण—2024' एग्जीबिशन में स्कूली स्टूडेंट जिया चौधरी, इरफान खान, पलक बैरवा और आनंद कुमार सैनी भी शामिल हुए। इन्होंने कॉलेज स्टूडेंट्स के साथ मिलकर विजिटर्स को प्रोजेक्ट्स के बारे में जानकारी दी।

### देशभर से चयनित प्रोजेक्ट आए

इस एग्जीबिशन में देशभर से चयनित प्रोजेक्ट व मॉडल डिस्प्ले किए गए। इसकी थीम के अनुसार पूर्णिमा कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग के स्टूडेंट्स ने अपने दोनों प्रोजेक्ट्स को करीब दो माह नेवटा व भांकरोटा के सरकारी स्कूली स्टूडेंट्स के साथ साझा किए और उन्हें प्रोजेक्ट के बारे में गाइड कर हैंड्स—ऑन—लर्निंग का मौका भी दिया। उन्होंने प्रोजेक्ट्स की दैनिक जीवन में उपयोगिता के बारे में समझाया।

### वेस्ट एनर्जी से पावर जनरेशन-

'पावर जनरेशन बाय एग्जॉस्ट' प्रोजेक्ट एयर कंडीशनर के एग्जॉस्ट फैन की वेस्ट एनर्जी से पावर जनरेट करने का काम करता है। इसके प्रजेंटेशन में प्रतिभागियों ने सस्टेनेबिलिटी और एनर्जी कंजर्वेशन पर विशेष फोकस रखा। जबकि 'हाइड्रोलिक बॉडी एडिंग सिस्टम' घुटने, कमर व हाथ के जॉइंट पेन से परेशान व्यक्तियों को उठने—बैठने व खड़े होने में काफी सहायक साबित हो सकता है। इन स्टूडेंट्स ने ये प्रोजेक्ट कॉलेज के फर्स्ट ईयर की डीन डॉ. रेखा नायर की गाइडेंस में तैयार किए।

# उनका है तो परिवारवाद, इनका है तो समाजवाद!



निर्मल रानी
स्वतंत्र लेखिका

गत दिनों राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव पर हुई चर्चा का जवाब देते हुए लोकसभा में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अपनी सरकार की उपलब्धियां तो कम गिनाईं, परन्तु विपक्ष पर अधिक हमलावर रहे। उन्होंने एक बार फिर मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस पूर्व प्रधानमंत्री जवाहर लाल नेहरू, इंदिरा गांधी व राहुल गांधी पर निशाना साधा। कांग्रेस पार्टी पर परिवारवादी राजनीति को बढ़ावा देने का आरोप लगाते हुए मोदी ने कहा कि देश को जितना परिवारवाद का खमियाजा उठाना पड़ा है, खुद कांग्रेस ने भी उसका उतना ही खमियाजा उठाया है। सदन में ही जब कांग्रेस की ओर से 'बीजेपी में फलते फूलते परिवारवाद' पर सवाल किया गया तो मोदी ने कहा कि उनके लिए परिवारवाद का मतलब एक ही परिवार के कई लोगों के राजनीति में आने से नहीं है। उन्होंने कहा कि अगर किसी परिवार में अपने बलबूते पर व जनसमर्थन से एक से अधिक लोग राजनीतिक क्षेत्र में भी प्रगति करते हैं, उसे हमने कभी परिवारवाद नहीं कहा है। हम परिवारवाद की चर्चा वो करते हैं, जो पार्टी परिवार चलाता है, जो पार्टी परिवार के लोगों को प्राथमिकता देती है, पार्टी के सारे निर्णय परिवार के लोग ही करते हैं, वो परिवारवाद है। न राजनाथ जी की कोई पॉलिटिकल पार्टी है, न अमित शाह की कोई पॉलिटिकल पार्टी है। यानी प्रधानमंत्री ने नेहरू-गांधी परिवार पर हमला बोलने की सुविधाजनक परिभाषा गढ़ डाली। अमित शाह व राजनाथ सिंह का नाम लेकर उन्हें सदन में इसलिए सफाई देनी पड़ी, क्योंकि कांग्रेस और कई विपक्षी नेता अक्सर यह सवाल करते हैं कि गृह मंत्री अमित शाह के पुत्र जय शाह बीसीसीआई के सचिव से लेकर एशियाई क्रिकेट परिषद (एसीसी) के अध्यक्ष तक किस आधार पर बन जाते हैं? विपक्ष पूछता है कि जय शाह के पास अमित शाह का पुत्र होने के अतिरिक्त ऐसी कौन सी योग्यता है, जिसके आधार पर उन्हें इतने महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्त, मनोनीत या निर्वाचित कराया जाता है? इसी तरह राजनाथ सिंह के एक पुत्र जहां भाजपा से विधायक हैं, वहीं दूसरे भी किसी महत्वपूर्ण पद पर आसीन हैं।

> "कांग्रेस, समाजवादी पार्टी व आरजेडी की यही धर्मनिरपेक्ष राजनीति जब रास नहीं आती तो वैचारिक कुंठा से ग्रस्त लोग इन पर परिवारवाद और भ्रष्टाचार जैसे आरोप लगाकर इन्हें बदनाम करने की भी कोशिश कर जनसरोकार से जुड़े वास्तविक मुद्दों की तरफ से जनता का ध्यान भी भटकाते हैं। यानी, इन्हें उनका परिवारवाद तो परिवारवाद दिखाई देता है परन्तु अपना परिवारवाद, समाजवाद नजर आता है।"

मोदी ने परिवारवाद की नई परिभाषा गढ़ते हुए अपनी ही पार्टी के अनुराग ठाकुर, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, वसुंधरा व ज्योतिरादित्य सिंधिया, देवेंद्र फडणवीस, जतिन प्रसाद, आरपीएन सिंह, राव इंदरजीत सिंह व किरण रिजिजू जैसे उन अनेक नेताओं का बचाव किया, जो अपनी पैतृक राजनीति के ही प्रतीक हैं, परन्तु प्रधानमंत्री के अनुसार जो पार्टी एक परिवार चलाता है, जो पार्टी परिवार के लोगों को प्राथमिकता देती है, जिस पार्टी के सारे निर्णय एक ही परिवार के लोग करते हैं, ऐसे दलों व नेताओं के परिवारवाद का देश ने खमियाजा उठाया है? फिर तो प्रधानमंत्री को यह भी बताना चाहिए कि 2014 तक भाजपा का जिस बल ठाकरे व उद्धव ठाकरे की शिवसेना के साथ महाराष्ट्र में 25 वर्षों तक गठबंधन रहा और महाराष्ट्र में अनेक लोकसभा व विधानसभा चुनाव भाजपा-शिवसेना मिलकर लड़ी, वह परिवारवादियों से समझौता था या नहीं? इसी तरह जो शिरोमणि अकाली दल, बादल परिवार की पार्टी है और किसान आंदोलन से पूर्व दशकों तक भाजपा की सहयोगी रही है, उसका परिवारवाद प्रधानमंत्री की परिभाषा से कैसे अलग है? इसी तरह भाजपा जब चाहे तब हरियाणा में एक ही परिवार की पार्टी इंडियन नेशनल लोकदल से समझौता कर सकती है?

आज भी भाजपा हरियाणा में जिस जननायक जनता पार्टी (जेजेपी) के साथ सत्ता की साझेदार है वह भी एक ही परिवार की पार्टी है। इसी तरह भाजपा जब चाहे कश्मीर में मुफ्ती मोहम्मद सईद की पारिवारिक पार्टी पीडीपी से समझौता कर सकती है? बिहार में रामविलास पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी क्या परिवारवाद की पार्टी का प्रतीक नहीं?

कर्नाटक में भाजपा परिवारवादी राजनीति करने वाले येदियुरप्पा के हाथों में क्यों खेलती है? इसी तरह के और भी कई 'परिवारवादी' दल हैं, जिनसे भाजपा गठबंधन करने में परहेज नहीं करती। सवाल यह है कि जब प्रधानमंत्री कहते हैं, 'परिवारवाद का देश ने खमियाजा उठाया है' फिर आखिर उन्हीं की परिभाषा वाले 'परिवारवादियों' से भाजपा के गलबहियां करने का अर्थ व औचित्य क्या है?

दरअसल, मोदी सहित भाजपा नेताओं को कांग्रेस व कांग्रेस सहयोगी दलों में ही सारा परिवारवाद नजर आता है। इन्हें केवल राहुल गांधी, अखिलेश यादव, तेजस्वी यादव जैसे नेता ही परिवारवादी राजनीति के प्रतीक नजर आते हैं। इन्हें राहुल गांधी की परिवार की कुंडली तो नजर आती है, परन्तु उनका कन्याकुमारी से कश्मीर व मणिपुर से मुंबई तक की साहस भरी भारत जोड़ो न्याय यात्रा नजर नहीं आती? इन्हें राहुल के पिता व दादी की कुर्बानी दिखाई नहीं देती? इन्हें राहुल की मां सोनिया गांधी द्वारा किए गए प्रधानमंत्री जैसे उस पद का त्याग नजर नहीं आता, जिससे आजीवन चिपके रहने के लिए कौन कौन से हथकंडे नहीं अपनाए जा रहे? लालू यादव व मुलायम सिंह यादव की सामाजिक न्याय की वजह से भी भाजपा इनकी पार्टी की वैचारिक विरोधी है, जिसके चलते इनपर परिवारवाद का आरोप लगाती है।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

## भजनलाल सरकार का पहला बजट

# खेती किसानी को मिलेगा बूस्ट



डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

> "वित मंत्री दीया कुमारी ने अंतरिम बजट में खेती किसानी के लिए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को भी उतना ही महत्व दिया है जितना प्रमाणित गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने पर दिया है। राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रा मिशन के लिए दो हजार करोड़ रु. का प्रावधान किया है। इसमें पानी के संरक्षण के लिए 20 हजार फार्म पॉड, 10 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन, 50 हजार किसानों को तारबंदी के लिए सहायता, 5 हजार वर्मी कंपोस्ट के साथ ही कृषि प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे प्रावधान शामिल है।"



राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा की सरकार का अंतरिम बजट प्रस्तुत करते हुए उपमुख्यमंत्री व वित मंत्री दीया कुमारी ने केवल तीन-चार माह के सरकार चलाने के खर्चों को पारित कराने तक ही सीमित नही रखकर सर्वस्पर्शी अंतरिम बजट प्रस्ताव प्रस्तुत कर साफ संदेश दे दिया है। अंतरिम बजट प्रस्तुत करते हुए राज्य सरकार की प्रमुख प्राथमिकताओं और विकास का रोडमेप सामने रख दिया है। केन्द्र सरकार की तरह ही यह अंतरिम बजट युवा, महिला, गरीब और किसान केन्द्रीत रहा है। लगभगी सभी पक्षों को लेकर राज्य सरकार की इच्छा शक्ति को सामने रख दिया गया है। हांलाकि सर्वस्पर्शी बजट अभिभाषण होने के साथ ही इसमें कोई दो राय नहीं कि राजस्थान के अंतरिम बजट में खेती किसानी पर खास जोर दिया गया है। वित मंत्री दीया कुमारी ने बजट प्रस्तावों को पीएम किसान सम्मान निधि को बढ़ाने तक ही सीमित नहीं रहकर कृषि क्षेत्र में अल्पकालीन और दीर्घकालीन विकास का रोड़मेप सामने रखा है। इनसे निश्चित रूप से अल्पकालीन नहीं, अपितु खेती किसानी में दीर्घकालीन सुधार होगा वहीं किसानों को दीर्घकालीन लाभ प्राप्त होगा।

अर्थशास्त्रियों व विशेषज्ञों द्वारा जिस बात पर जोर दिया जाता रहा है लगता है कोई सरकार पहली बार उस पर कोई सरकार पहली बार इतनी गंभीर नजर आ रही है। भजन लाल सरकार के पहले अंतरिम बजट में श्री अन्न योजना को लेकर सरकार की गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि सरकार ने 12 लाख किसानों को मक्का बीज, 8 लाख काश्तकारों को बाजरा व एक लाख काश्तकारों को ज्वार के उन्नत गुणवत्ता वाले बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है। तिलहन और दलहन को बढ़ावा देने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह की प्रतिबद्धता को ही ध्यान में रखते हुए सात लाख काश्तकारों को सरसों और चार लाख किसानों को मूंग व एक लाख किसानों को मोठ के उन्नत बीज उपलब्ध कराने की घोषणा की है।

अब इससे साफ हो जाता है कि इससे किसान, खेती ओर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को ही सीधा-सादा लाभ मिलेगा। बीज वितरण होगा तो वह खेती में ही काम आएगा, उन्नत बीज होगा और उससे बाजरा, मक्का, ज्वार, सरसों, मूंग मोठ आदि का उत्पादन बढ़ेगा और इसका लाभ भी किसान और साथ साथ देश और प्रदेश को मिलेगा। मेरा आरंभ से ही मानना रहा है कि किसानों को ऋण माफी या नकद अनुदान के स्थान पर उतनी राशि का कुछ अंश भी यदि इनपुट यानी खाद-बीज के रूप में दिया जाये तो सही मायने में यह काश्तकार की सहायता है। दरअसल, अनुदान के रुप में नगद राशि मिलना चाहे वह ऋण माफी हो या अन्य तो उसका उत्पादकता से दूर दूर तक कोई संबंध नहीं रहता और इससे काश्तकार को जो लाभ पहुंचाने की सरकार की मंशा होती है वह पूरी भी नहीं हो सकती। भले ही ऋण माफी या नकद राशि से किसान खुश हो जाए पर जो खेती-किसानी को वास्तविक लाभ इनपुट वितरण से हो सकता है वह किसी दूसरे विकल्प से नहीं।

अच्छी बात यह है कि वित्त मंत्री दीया कुमारी ने अंतरिम बजट में खेती किसानी के लिए आधारभूत सुविधाओं के विस्तार को भी उतना ही महत्व दिया है, जितना प्रमाणित गुणवत्तायुक्त बीज उपलब्ध कराने पर दिया है। राजस्थान एग्रीकल्चर इंफ्रा मिशन के लिए दो हजार करोड़ रुपए का प्रावधान किया है। इसमें पानी के संरक्षण के लिए 20 हजार फार्म पॉन्ड, 10 हजार किलोमीटर सिंचाई पाइप लाइन, 50 हजार किसानों को तारबंदी के लिए सहायता, 5 हजार वर्मी कंपोस्ट के साथ ही कृषि प्रसंस्करण उद्योगों को बढ़ावा देने जैसे प्रावधान शामिल है। इसके अलावा 500 कस्टम हायरिंग सेंटर में ड्रोन जैसी सुविधा उपलब्ध कराना है। इससे जहां एक और पानी की एक एक बूंद सहेजी जा सकेगी और खेती में सिंचाई के पानी की छीजत को कम किया जा सकेगा, वहीं वर्मी कंपोस्ट से जैविक खेती को बढ़ावा मिलेगा और ड्रोन जैसी तकनीक हायरिंग आधार पर किसान प्राप्त कर सकेंगे।

वित्त मंत्री दीया कुमारी ने पीएम किसान सम्मान निधि भी 6 हजार से बढ़ाकर 8 हजार करने की घोषणा की हैं वहीं गेहूं के न्यूनतम समर्थन मूल्य पर 125 रुपए प्रति क्विंटल बोनस देने की बात भी कही है। डेयरी के साथ ही पशुपालन को भी उतना ही महत्व दिया गया है। यह नहीं भूलना चाहिए कि एक समय था जब खेती के साथ पशुपालन एक दूसरे के पूरक हुआ करते थे। हांलाकि कृषि में उपकरणों/यंत्रों के उपयोग के कारण पशुपालन प्रभावित हुआ है पर पशुपालन ही किसान की आर्थिक उन्नति का प्रमुख माध्यम बन सकता है। यही कारण है कि 5 लाख गोपाल क्रेडिट कार्ड जारी करने का प्रावधान करते हुए एक एक लाख रुपए का ब्याजमुक्त ऋण देने का प्रस्ताव है। निश्चित रूप से इससे पशुपालन को प्रोत्साहन मिलेगा।

एक बात साफ हो जानी चाहिए कि यदि कोई सरकार खेती किसानी का वास्तविक भला चाहती है तो उसे खेती के क्षेत्र में दी जाने वाली सहायता राशि का उपयोग उन्नत प्रमाणिक बीज उपलब्ध कराने में करने का फैसला करती है तो उससे केवल किसान ही नहीं अपितु देश ओर प्रदेश को समग्र रूप से मिल सकता है। यह साफ हो जाना चाहिए कि कृषि उत्पादन में कमी या बढ़ोतरी अर्थ व्यवस्था की सीधे-सीधे प्रभावित करती है। कोरोना काल हमारे सामने उदाहरण है तो रुस-यूक्रेन युद्ध, इजराइल-हमास युद्ध आदि इसके जीते जागते उदाहरण हैं। खाद बीज की सहज उपलब्धता के साथ ही यदि किसानों को उनकी पैदावार का पूरा पैसा मिलने लगे तो निश्चित रूप से किसान समृद्ध होंगे और इसका लाभ सामाजिक-आर्थिक विकास में प्राप्त हो सकेगा।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)**

व्यंग्य

# बसंत का बजट



एकता शर्मा
व्यंग्यकार

बजट बड़ा रे संसार में किसी बड़भागी ने पाया। क्या आपने भी बजट पाया ?

बजट आ गया बजट आ गया, मौसम में जैसे बसंत आ गया। अब डाली डाली पर सब्सिडी के फूल खिलेंगे, कहीं अनुदान तो कहीं अधिशेष के फल बटेंगे।

लेकिन यह उन्हीं राज्यों को मिलेंगे जहां उनके हित सधेगे।

हम और तुम तो शायद बस हाथ मसलते रहेंगे।

हाँ, बजट की सुन घर की गृहिणी भी मुस्कुराई, झट से पिया जी के पास आई।

बजट आ गया बजट आ गया गृहिणी ने गृह स्वामी से कहा। कुछ अनुदान राशि उसकी कूदती और रेंगती रसोई को बूस्ट करने के लिए दे दो, धन विधेयक, वित्त विधेयक, विनियोग विधेयक अपने पास रखो।

हमें तो कुछ उधार दे दो।

5 ट्रिलियन इकोनामी को अपने मेहमानों की मेहमान नवाजी के लिए रखो।

मुझे तो बस उसमें से एक पाई उधार दे दो।

लेकिन गृह स्वामी के सिर पर जू भी नहीं रेंगी।

फटकारते हुए बोला महंगाई कितनी बढ़ गई?

एक धेला तुमने कभी कमाया नहीं, रसोई संभालन तुम्हें आता नहीं,

किस बात का तुम्हें घर खर्च दे दूं? पत्नी ने रूआसे मुंह से फिर समझाया।

मैं तुम्हारा राजस्व व्यय नहीं हूं की लौट कर नहीं आएगा।

पत्नी तो पूंजीगत व्यय है घर में सुख ,समृद्धि वही लाएगा।

पत्नी बोली तुम चाहो तो आपातकालीन फंड भी अपने पास रखो।

मुझे तो बस आटा ,दाल मिल जाए इसका इंतजाम कर दो। मंदी पर मंदी पड़ी है।

जून तक चून का हिसाब कर दो।

चलोऐ लेखानुदान से ही सही कुछ तो अग्रिम राशि भुगतान कर दो।

इस गरीब गृहिणी पर थोड़ी सी अपने धन की हेलीकॉप्टर वर्षा कर दो।

माना संविधान में बजट शब्द का प्रावधान नहीं है, किंतु शास्त्रों से तो जाना है। आधा हिस्सा अर्धांगिनी के हक ही तो आना है।

उधर से जवाब आया, यह अब तुम्हारा अंतरिम बजट होगा। इधर गृहिणी को अंतिम बजट होगा, यह सुन उसका मन घबराया।

वह मन ही मन सोच रही थी। जीरो बजट कभी वह जीवन में नहीं लाई , हमेशा ही उसकी सरकार ने सरप्लस बजट की स्लीप दिखलाई थी।

सचमुच भारतीय गृहिणी ने रसोई में कभी राजकोषीय घाटा नहीं दिखाया।

फिर भी उसके जीवन में यह दिन क्यों आया?

वह अक्सर सात्विक भोजन पकाती है,तभी बचत कर ,घर पर घर बनवाती है ।

एक रसोई घर की होती है। दूसरी महलों और मकान की भी होती है।

जहां बात महलों वाली रसोई की होती है। वहां बैठ कोई सीता आज भी कहीं रोती है।

सीता रोए मेरे परिणाम यही भजन कहकर धरती में समाहित होती है। दंडकारण्य के दंड को भोगकर भी मौन रहती है।

शायद इन्हें पत्नी का मोरल साइंस पसंद नहीं आता ,इन्हें तो प्रेमिका का मैथमेटिक्स ही लुभाता। लेकिन आज भारत भाग्यशाली है।

सीतारमण यहां रसोई का बजट लेकर आई है, फिर भी कुछ घरों में यह बजट अभी भी नहीं पहुंच पाएगा।

कालाबाजारी, मुनाफाखोरी का दानव इसे बीच में ही खायेगा। जो बचेगा वह पति की सौतन महंगाई और मुद्रास्फीति ले जाएगी। घर की बहू बेचारी मुंह ताकती रह जाएगी। सचमुच बसंत का बजट हर पेड़ पर नहीं आता।


## नॉलेज कॉर्नर: भारत से नहीं हुई थी चाय की शुरुआत और ना ही यहां दिया गया इसे नाम

# चीनी शासक शेंग नुंग ने की चाय की खोज

सुबह होते ही अगर बेड टी नहीं मिले तो नींद ही नहीं खुलती। वाकई हर इंसान के दिन की शुरुआत चाय से ही होती है। चाहे घर पर चाय बना कर पीना हो या टपरी पर जा कर चाय पीना हो। चाय पीने का अपना एक अलग ही आंनद है। एक रिपोर्ट के मुताबिक पूरी दुनिया में 70 प्रतिशत चाय सिर्फ भारतीय ही पीते हैं। भारतीयों का चाय से लगाव देखकर ऐसा लगता है जैसे ये भारत के इतिहास का बहुत अहम हिस्सा रहा है, लेकिन चाय की शुरूआत भारत से नहीं चीन से 5,000 साल हुई थी। ये 19वीं शताब्दी के पहले 50 सालों में ब्रिटेन की औपनिवेशिक नीतियाँ ही थीं जिनकी बदौलत भारत 2006 तक दुनिया का सबसे बड़ा चाय उत्पादक बना रहा, जब तक कि चीन उससे आगे नहीं निकल गया।

### चीन के शासक ने गलती से की खोज

प्रचलित कहानी के मुताबिक 2732 ईसा पूर्व में चीन के शासक शेंग नुंग ने गलती से चाय की खोज की थी। दरअसल, हुआ ये कि एक बार कुछ जंगली पत्तियां उनके उबलते पानी में जा गिरी, पत्तियों के खौलते ही पानी में से अच्छी खुशबू आने लगी साथ ही उसका रंग भी बदलने लगा। जब शासक ने इस पानी को पीया तो उसका टेस्ट बहुत पंसद आया। उस पानी को पीते ही शरीर में ताजगी आ गई। उन्हें लगा जैसे उनके शरीर का हर हिस्सा इस लिक्विड को खोज रहा हो। तब नुंग ने इसका नाम चा.आ रखा था. ये चीनी अक्षर हैं जिनका मतलब है परखना या फिर खोजना।



### भारत में अंग्रेज लाए चाय

एक कहावत है कि अंग्रेज आए और अंग्रेजी छोड़ गए, वैसी ही एक कहावत गांव में दादी नानी के मुंह से सुनी जा सकती है कि अंग्रेज आए और चाय की लत लगा गए। दरअसल, चाय का किस्सा ही कुछ ऐसा है। भारत में चाय के शुरुआत की कहानी बेहद दिलचस्प है. दरअसल गवर्नर जनरल लॉर्ड बैंटिक 1834 में जब भारत आए तो उन्होंने असम में देखा कि वहां के लोग चाय की पत्तियों के साथ उबालकर पानी पीते हैं, जिसे वो दवाई की तरह इस्तेमाल करते थे। तब बैंटिक ने असम के लोगों को चाय की जानकारी दी।

**1835 में असम में पैदावार**

*इस जानकारी के बाद सन् 1835 में असम में चाय के बाग लगाए गए। भारत में सन् 1881 में इंडियन टी एसोसिएशन की स्थापना हुई, जिसने भारत में ही नहीं, अन्तरराष्ट्रीय बाजार में भी चाय के उत्पादन को फैलाया। यही चाय अंग्रेजों की आय का जरिया बनी थी। वे इसे बड़े पैमाने पर विदेशों में भेजते थे।*



**नरेंद्र मोदी,** प्रधानमंत्री
@narendramodi
Spirituality और Start-ups दोनों को साथ लेकर चलने वाली हमारी युवा ऊर्जा से आज देश बदल रहा है।



**राहुल गांधी,** कांग्रेस नेता
@RahulGandhi
दिन में 3 बार कपड़े बदलने वाले, ₹9 लाख का सूट पहनने वाले और ₹1.5 लाख की कलम से लिखने वाले मोदी जी के लिए OBC का मतलब है - 'Only Business Class' ये वंचितों के साथ न्याय कभी नहीं कर सकते। कागजी और चुनावी OBC अपने दिन गिनें, जातिगत गिनती हम कराएंगे।

### लोकसभा में कांग्रेस-भाजपा ने एक-दूसरे पर बोला हमला... कांग्रेस ने कहा- सरकार की विफलताओं को जनता के सामने लाएंगे

# वित्त मंत्री की ओर से जारी श्वेत पत्र के विरोध में कांग्रेस का ब्लैक पेपर

**एजेंसी** | नई दिल्ली

वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने गुरुवार को लोकसभा में भारतीय अर्थव्यवस्था पर 59 पेज का श्वेत पत्र (व्हाइट पेपर) पेश किया। इसमें बताया गया है कि जब 2014 में मोदी सरकार ने सत्ता संभाली, तो अर्थव्यवस्था नाजुक स्थिति में थी। इसमें बताया गया है कि किस तरह यूपीए सरकार के दस सालों में इकोनॉमी मिस मैनेजमेंट का नुकसान भारत को झेलना पड़ा। वहीं कांग्रेस ने मोदी सरकार के 'वाइट पेपर' के जवाब में 'ब्लैक पेपर' जारी किया। उसने दावा किया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली सरकार की 10 साल की 'विफलताओं' को जनता के सामने उजागर करने के मकसद से इसे लाया गया है। कांग्रेस ने सरकार पर समाज के सभी वर्गों के साथ अन्याय करने का आरोप लगाया।

पार्टी ने इस 'ब्लैक पेपर' में महंगाई, बेरोजगारी, किसानों की दुर्दशा, महिलाओं की स्थिति और कई अन्य मुद्दों पर सरकार के विफल रहने की बात कही है।



उसने इसे '10 साल, अन्याय काल' का नाम दिया है।

पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने यह 'ब्लैक पेपर' जारी किया। उन्होंने कहा कि देश को आजाद कराने वाली कांग्रेस 2024 में देश को बीजेपी के 'अन्याय के अंधकार' से बाहर निकालेगी। कांग्रेस ने यह 'ब्लैक पेपर' ऐसे समय जारी किया है जब सरकार ने संयुक्त प्रगतिशील गठबंधन (UPA) के 10 साल के कार्यकाल पर एक 'श्वेतपत्र' जारी करने की घोषणा की है।

#### भाजपा ने व्हाइट पेपर यह बताया

वित्तमंत्री ने व्हाइट पेपर में बताया कि 2014 में कोयला घोटाले ने देश को नुकसान पहुंचाया। 2014 से पहले कोयला ब्लॉकों का आवंटन पारदर्शी प्रक्रिया का पालन किए बिना मनमाने आधार पर किया गया । कोयला क्षेत्र को कॉम्पिटिशन और ट्रांसपेरेंसी से बाहर रखा गया था। यूपीए सरकार में 122 दूरसंचार लाइसेंसों से जुड़ा 2जी स्पेक्ट्रम घोटाला हुआ। इसमें CAG के अनुमान के अनुसार सरकारी खजाने को 1.76 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कोयला घोटाले में सरकारी खजाने को 1.86 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कॉमनवेल्थ गेम्स (सीडब्ल्यूजी) घोटाले ने राजनीतिक अनिश्चितता के माहौल का संकेत दिया। संसद में सीतारमण ने कहा कि FDI यानी फर्स्ट डेवलप इंडिया। 2014-23 के दौरान 596 अरब डॉलर प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (FDI)आया। यह 2005-2014 के दौरान आए FDI से दोगुना था। हम विदेशी पार्टनर्स से बाइलैट्रल इनवेस्टमेंट ट्रीटी कर रहे है। इस बीच संसद में 2024-25 के लिए अंतरिम बजट को मंजूरी दे दी गई।

#### मोदी ने बता दिया 'काला टीका'

मोदी ने मनमोहन सिंह को 'प्रेरक उदाहरण' बताते हुए कांग्रेस के 'ब्लैक पेपर' को 'काला टीका' करार दिया। पीएम ने कहा कि जब भी लोकतंत्र की चर्चा होगी तो पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के योगदान को याद किया जाएगा। सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों की विदाई के अवसर पर उच्च सदन को संबोधित करते हुए पीएम ने कांग्रेस की ओर से केंद्र सरकार के खिलाफ 'ब्लैक पेपर' जारी किए जाने का स्वागत किया।

#### सुप्रीम कोर्ट: दूसरी शादी पर बर्खास्तगी जायज



**नई दिल्ली।** सुप्रीम कोर्ट ने छत्तीसगढ़ के एक पुलिस कांस्टेबल के सरकार से इजाजत बगैर दूसरी शादी करने पर हुई बर्खास्तगी जायज ठहराया है। मामले के अनुसार जस्टिस अनिरुद्ध बोस और संजय कुमार की खंडपीठ ने जनवरी, 2020 में पारित छत्तीसगढ़ हाईकोर्ट के फैसले में दखल देने से इनकार कर दिया है। साथ ही कहा कि सजा के तौर पर सेवा से बर्खास्त करने का फैसला 'महतारु बधाई' की याचिका पर लिया गया था। कांस्टेबल ने सिविल सेवा आचरण नियमों की धारा 22 के पैरा एक और दो का उल्लंघन किया था। इन कोई भी सरकारी कर्मचारी अपनी पत्नी के जीवित रहते सरकार से अनुमति लिए बगैर शादी नहीं कर सकता है।

#### हिमंता ने किया मुक्त आवाजाही पर रोक का स्वागत

**गुवाहाटी।** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने कहा कि केंद्र सरकार का भारत-म्यांमार सीमा पर मुक्त आवाजाही पर प्रतिबंध का फैसला भारत को सुरक्षित रखने के एक अहम कदम है। इससे पूर्वोत्तर में घुसपैठ और आव्रजन पर रोकथाम के लिए फुलप्रूफ प्रणाली बनाने में मदद मिलेगी। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू ने भी इस फैसले का स्वागत किया है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया एक्स पर पोस्ट करते हुए हिमंता ने कहा कि यह भारत को सुरक्षित रखने का एक और अहम कदम है। यह नीति और म्यांमार से लगी सीमा पर बाड़ लगाने के भारत के फैसले से पूर्वोत्तर में घुसपैठ रोकने में कामयाबी मिलेगी। पीएम मोदी के नेतृत्व में हमारे क्षेत्र में शांति कायम रखने और प्रगति के लिए यह लंबी अवधि का समाधान होगा।

### कई एजेंसियों की ओर से कराए सर्वे के नतीजों से मिली जानकारी

# ममता दीदी से प्रधानमंत्री मोदी की दूरी अब सिर्फ तीन फीसदी

**एजेंसी** | कोलकाता

### बीजेपी 40 तो टीएमसी को 43.5 प्रतिशत वोट मिलने का अनुमान

लोकसभा चुनावों में ममता के गढ़ पश्चिम बंगाल में भाजपा अपना जमीन मजबूत कर सकती है। यह चौंकाने वाली जानकारी इंडिया टुडे और सी वोटर द्वारा करवाए गए 'मूड ऑफ द नेशन' सर्वे में सामने आई है। इस सर्वे में भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी) और तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) के बीच सिर्फ तीन फीसदी वोटों का ही अंतर दिखा है। यानि सीटों के हिसाब से भी दोनों दलों के बीच अब ज्यादा दूरी नहीं बची है। सर्वे में पश्चिम बंगाल में लोकसभा चुनाव में बीजेपी को करीब 40 फीसदी वोट मिल सकता है, जबकि टीएमसी को 43.5 फीसदी वोट मिलने



का अनुमान है। कांग्रेस को 9.2 फीसदी वोट मिलने की संभावना दिख रही है। वहीं, सीटों की संख्या के बारे में बात करें तो तृणमूल कांग्रेस को 22 सीटें तो बीजेपी को 19 सीटें मिलने का अनुमान है। कांग्रेस गठबंधन के पास भी एक सीट जा सकती है।





#### पिछली बार चार सीट कम आई थी भाजपा के

बता दें कि साल 2019 के लोकसभा चुनाव में पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की टीएमसी को 22 सीटों पर जीत मिली थी, जबकि बीजेपी ने 18 सीटें जीती थीं। कांग्रेस को दो सीटें मिलीं और सीपीआइएम का खाता भी नहीं खुला था। वहीं वोट शेयर के मालमे में पिछले आम चुनावों में टीएमसी को 43.3 फीसदी, बीजेपी को 40.7 फीसदी वोट मिला था। वहीं, कांग्रेस को 5.67 फीसदी और सीपीआइएम को 6.33 फीसदी वोट हासिल हुए थे।

#### यूपी-उत्तराखंड में फिर मोदी का जलवा

देश में सबसे ज्यादा लोकसभा सीटों वाले राज्य उत्तर प्रदेश में एक बार फिर से मोदी का जलवा दिख रहा है। सर्वे में सामने आया है कि यहां कि 80 लोकसभा में बीजेपी को इस बार 70 सीटों पर जीत मिल सकती है। वहीं समाजवादी पार्टी को 7, अपना दल को 2 और कांग्रेस को 1 सीट मिलने का अनुमान है। वहीं पिछले चुनाव में उत्तर प्रदेश में बीजेपी को 62 और उसकी सहयोगी अपना दल को



2 सीटें मिली थी। बसपा 10, सपा 5 और कांग्रेस एक सीट पर सिमट गई थी। इस बार के चुनाव में बसपा का खाता भी नहीं खुलने का अनुमान है। वहीं वोटशेयर में एनडीए को 52 फीसदी तो विपक्षी 'इंडिया' ब्लॉक को 36 फीसदी वोट मिल सकते हैं। कांग्रेस को 5.5%, सपा अलायंस को 30.1% वोट मिल सकते हैं। बसपा को 8.4% और अन्य को 3.9% वोट मिल सकते हैं।

#### दूसरे सर्वे में दीदी को 26 सीटें ही

पिछले दिनों टाइम्स नाऊ और मैटरीज का भी सर्वे सामने आया था, जिसमें ममता बनर्जी की पार्टी को कुल 42 सीटों में से 26 सीटों के जीतने का अनुमान जताया गया था। इसके अलावा, बीजेपी के पश्चिम बंगाल में 15 सीटें जीतने की संभावना है। वहीं, कांग्रेस और लेफ्ट अलायंस बंगाल में सिर्फ एक सीट ही जीत सकती है। वोट शेयर की बात करें तो टीएमसी को 42.6 फीसदी, बीजेपी को 41.5 फीसदी, कांग्रेस और लेफ्ट को 11.9 फीसदी वोट मिल सकते हैं।

### उम्र भी रहती है टिकट का आधार

# 70 प्लस का नियम लागू हुआ तो कई नेता की बढ़ जाएगी मुश्किल

**एजेंसी** | लखनऊ

देश में लोकसभा चुनाव की घोषणा कुछ दिनों में होने वाली है। सभी राजनीतिक पार्टियां तैयारियो में अभी से लग चुकी है। इस बीच भाजपा समेत सभी दल अपने उम्मीदवारों के बारे में भी मंथन करने में लगे हैं। जहां सपा ने तो डिंपल यादव, धर्मेंद्र यादव समेत 16 लोगों के टिकट देना तय कर दिया।

वहीं भाजपा के टिकटों को लेकर सबसे ज्यादा जद्दोजहद चल रही है। इसकी एक वजह यह है कि भाजपा की ओर से उम्र, प्रदर्शन और सामाजिक समीकरणों के आधार पर टिकट फाइनल किए जा सकते हैं। पिछले दिनों खबर आई थी कि भाजपा इस बार 70 साल से अधिक की आयु वाले नेताओं को सांसदी से बाहर रखने पर विचार कर रही है। हालांकि कुछ अपवाद भी हो सकते हैं। यदि पार्टी ने 70 प्लस की उम्र वाले नेताओं को बाहर रखने के प्लान पर काम किया तो फिर दिग्गज चुनावी दौड़ से बाहर हो जाएंगे।

गाजियाबाद के सांसद चुने जा रहे वीके सिंह की उम्र 72 साल हो चली है। ऐसे में उनके टिकट पर संशय माना जा सकता है। यहां से रह-रहकर कुमार





विश्वास को लेकर भी लोग कयास लगाते रहे हैं। कानपुर से सांसद सत्यदेव पचौरी की उम्र भी 76 साल है और बरेली से लगातार चुने जा रहे दिग्गज नेता संतोष गंगवार भी 75 बरस के हो चुके हैं। ऐसे में इन दोनों वरिष्ठ नेताओं की सांसदी पर ब्रेक लग सकता है। मथुरा की सांसद हेमा मालिनी भी अब 75 साल की हो गई हैं।

प्रयागराज की सांसद रीता बहुगुणा जोशी की उम्र भी 74 साल है। बहराइच से सांसद अक्षयबर लाल गोंड की उम्र भी 77 साल हो गई है और फिरोजाबाद के सांसद चंद्रसेन जादौन भी 73 के हो चुके हैं। इन दोनों नेताओं के टिकट पर भी संशय हो सकता है। डुमरियागंज के एमपी जगदंबिका पाल और देवरिया से सांसद रमापति राम त्रिपाठी की आयु भी 73 साल हो चुकी है।


### वारदात के बाद आरोपी ने खुद पर भी की फायरिंग

# शिवसेना नेता की लाइव गोली मारकर हत्या

**एजेंसी** | मुंबई

महाराष्ट्र में उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना नेता अभिषेक घोसालकर की गुरुवार शाम को गोली मारकर हत्या कर दी गई। हत्या के आरोपी की पहचान मौरिस के रूप में हुई है। वारदात के बाद आरोपी ने खुद को भी गोली मार ली। यह पूरी घटना फेसबुक लाइव के दौरान घटी। आरोपी अपने फेसबुक आईडी से पीड़ित के साथ लाइव कर रहा था। जैसे ही उन्होंने अपनी बात खत्म की, मौरिस ने उन्हें सामने से गोली मार दी।

इससे पहले भाजपा विधायक का वीडियो सामने आया है जिसमे देखा जा सकता है कि वह एकनाथ



शिंदे खेमे के नेता पर उल्हासनगर पुलिस स्टेशन के भीतर गोली चला दी थी। इस घटना के बाद महाराष्ट्र की कानून व्यवस्था पर सवाल खड़े होने लगे थे। बता दें कि अभिषेक पूर्व विधायक विनोद गोशलकर के बेटे हैं। वे मुंबई बिल्डिंग रिपेयर एंड रीकंस्ट्रक्शन बोर्ड के चेयरमैन थे। अभिषेक भी पार्षद रह चुके हैं और उनकी पत्नी भी पार्षद रह चुकी हैं। रिपोर्ट के अनुसार यह हमला मौरिस नोरोन्हा के दफ्तर में हुआ है, जिन्हें मौरिस भाई के नाम से भी जाना जाता है। बताया जाता है कि अभिषेक की मौरिस भाई से दुश्मनी थी, लेकिन हाल ही में दोनों में सुलह हो गई थी। अभिषेक को मौरिस ने अपने दफ्तर में एक कार्यक्रम के लिए बुलाया था। मौरिस भाई ने अभिषेक को गोली मारने के बाद खुद को भी गोली मार ली। उद्धव सेना के प्रवक्ता आनंद दुबे ने कहा कि एकनाथ-फडणवीस की सरकार में अगर कोई जनप्रतिनिधि सुरक्षित नहीं है तो आम जनता का क्या ही हाल होगा। क्या सरकार भय का माहौल बना रही है। संजय राउत ने कहा कि सरकार बाहुबलियों को तैयार कर रही है।

#### शिष्टाचार मुलाकात...



*गोवा। केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस, आवास और शहरी मामलों के मंत्री हरदीप सिंह पुरी ने गुरुवार को गोवा में भारत ऊर्जा सप्ताह (आईईडब्ल्यू) 2024 के दौरान वरिष्ठ वीपी एशिया प्रशांत, हॉलिबर्टन मार्टिन व्हाइट से मुलाकात की।*

#### भाजपा-कांग्रेस में वार-पलटवार

# पीएम मोदी पूरे जीवन में कभी जातिगत जनगणना नहीं होने देंगे: राहुल

**एजेंसी** | नई दिल्ली

'भारत जोड़ो न्याय' यात्रा के दौरान कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने दावा किया है कि पीएम नरेंद्र मोदी जन्म से ओबीसी नहीं हैं। राहुल ने कहा कि नरेंद्र मोदी का जन्म तेली जाति में हुआ था, जिसे साल 2000 में गुजरात में भारतीय जनता पार्टी के कार्यकाल के दौरान ओबीसी में शामिल किया गया। राहुल ने कहा कि पीएम मोदी जनरल कास्ट में पैदा हुए थे और वह अपने पूरे जीवन में जाति जनगणना नहीं होने देंगे, क्योंकि वह ओबीसी में पैदा नहीं हुए। राहुल गांधी के इस बयान के बाद दोंनो पार्टियों में विवाद शुरू हो गया।

#### केंद्रीय मंत्री जी. किशन रेड्डी ने किया पलटवार

केंद्रीय मंत्री जी किशन रेड्डी ने राहुल गांधी के बयान पर पलटवार किया। उन्होंने कांग्रेस पर ओबीसी समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी को झूठ बोलने की आदत हो गई। उन्होंने एक बार झूठ बोलते हुए कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी का जन्म ओबीसी जाति में नहीं हुआ था। रेड्डी ने कहा कि पीएम मोदी की जाति (तेली) को 27 अक्टूबर 1999 को ओबीसी के रूप में अधिसूचित किया गया था, जबकि पीएम मोदी उसके 2 साल बाद गुजरात के मुख्यमंत्री बने कि इसके साथ ही उन्होंने इससे जुड़े एक गैजेट की कॉपी शेयर की।



#### राहुल गांधी ने दिया फिर जवाब



इस पर राहुल गांधी ने कहा, "मोदी जी जन्म से नहीं, बल्कि कागजी OBC हैं। वह अपने जन्म के 5 दशक बाद तक OBC नहीं थे. मेरे इस सच पर मुहर लगाने के लिए बीजेपी सरकार का धन्यवाद"

#### पीएम मोदी ने खुद को बताया था ओबीसी पैरोकार

उल्लेखनीय है कि पीएम मोदी ने कुछ दिनों पहले संसद में खुद को सबसे बड़ा ओबीसी बताया था। उन्होंने कांग्रेस पर पिछड़े वर्ग के नेताओं के साथ व्यवहार में पाखंड और दोहरे मानदंड अपनाने का भी आरोप लगाया था। लोकसभा में राष्ट्रपति के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने कहा था कि कांग्रेस पार्टी और यूपीए सरकार ने ओबीसी के साथ न्याय नहीं किया। कुछ दिन पहले ही कर्पूरी ठाकुर जी को भारत रत्न से सम्मानित किया गया था। 1970 में जब वे बिहार के सीएम बने तो उनकी सरकार को अस्थिर करने के लिए क्या नहीं किया? कांग्रेस ओबीसी को बर्दाश्त नहीं कर सकती। वे गिनती करते रहते हैं कि सरकार में कितने ओबीसी हैं। क्या आप (कांग्रेस) यहां (खुद की ओर इशारा करते हुए) सबसे बड़ा ओबीसी नहीं देख सकते?" वहीं, भारत जोड़ो न्याय यात्रा में राहुल गांधी ने गुरुवार को यह भी आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री ओबीसी से जुड़े लोगों से हाथ तक नहीं मिलाते, वहीं अरबपतियों को गले लगाते हैं।

#### अमित मालवीय ने भी दिया जवाब

बीजेपी नेता अमित मालवीय ने भी एक्स पर एक पोस्ट में कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी की जाति को उनके गुजरात के मुख्यमंत्री बनने से पूरे 2 साल पहले 27 अक्टूबर, 1999 को ओबीसी के रूप में अधिसूचित किया गया था। उन्होंने कहा कि जिस व्यक्ति को अपना गोत्र तक नहीं पता, वो आज एक गरीब परिवार और तेली समाज में जन्मे प्रधानमंत्री को OBC सर्टिफिकेट दे रहा है!. यह सामाजिक तौर पर पिछड़े सभी लोगों का अपमान नहीं तो और क्या है?

## जरूरी खबर

### पश्चिम बंगाल की जेलों में महिलाओं के गर्भवती मामले

**कलकत्ता।** कलकत्ता हाई कोर्ट ने गुरुवार को उस मामले को आपराधिक खंडपीठ को स्थानांतरित करने का आदेश दिया, जिसमें न्यायमित्र ने दावा किया था कि पश्चिम बंगाल के सुधार गृहों में बंद कुछ महिला कैदी गर्भवती हो रही हैं। 196 बच्चे इस तरह के विभिन्न गृहों में रह रहे हैं। वकील तापस कुमार भांजा को जेलों में कैदियों की अधिक संख्या पर 2018 के स्वतः संज्ञान मामले में अदालत ने न्यायमित्र नियुक्त किया गया था. उन्होंने मुख्य न्यायाधीश टीएस शिवगणनम की अध्यक्षता वाली खंडपीठ के समक्ष इन मुद्दों और सुझावों वाला एक ज्ञापन दाखिल किया। बेंच ने कहा कि न्यायमित्र ने दावा किया है कि महिला कैदी हिरासत में गर्भवती हो रही हैं।

### कंपनी के मालिक ने श्रमिकों को करवाई हवाई यात्रा

**चेन्नई।** तमिलनाडु में कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिक ने अपने श्रमिकों को हवाई जहाज की यात्रा करवाई। श्रमिकों के लिए यह पल यादगार बन गया। यात्रियों ने कहा कि इस दिन को वे कभी नहीं भुला सकते, जब उन्हें हवाई जहाज़ में बैठकर घूमने का बेहतरीन मौका मिला। इनमें से कुछ की ख़ुशी का कोई ठिकाना नहीं रहा। क्योंकि वो पहली बार हवाई यात्रा कर रहे थे।

### 317 करोड़ की स्पेक्ट्रम नीलामी को दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** द्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने गुरुवार को बताया कि कैबिनेट ने इसी वित्तीय वर्ष में 96,317 करोड़ रुपये रिजर्व प्राइज के साथ 10,523 मेगाहर्ट्ज स्पेक्ट्रम नीलामी को मंजूरी दे दी. उन्होंने कहा कि साल 22-23 की नीलामी के बाद जो स्पेक्ट्रम बचा है. उस स्पेक्ट्रम की नीलामी अब होगी. यह नीलामी सर्विस एरिया के हिसाब से होगी. उन्होंने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा, "पहले भारत टेलीकॉम सेक्टर की अलग-अलग तकनीकों के लिए पूरी दुनिया पर निर्भर रहता था. मोदी सरकार की आत्मनिर्भर पहल के तहत भारत में 5G तकनीक विकसित की गई. इस स्पेक्ट्रम नीलामी से दूरसंचार सेवाओं को आगे बढ़ाया जाएगा ताकि हर यूजर को इसका लाभ मिले।

## राष्ट्रपति भवन में 'विविधता का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम का उद्घाटन




*नई दिल्ली। दिल्ली स्थित राष्ट्रपति भवन में 'विविधता का अमृत महोत्सव' कार्यक्रम का उद्घाटन राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू के नेतृत्व में हुआ। इस दौरान कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं और कई तरह की प्रदर्शनियां लगाई गई।*

### 1 साल में विमानों में आईं 478 तकनीकी खामियां

**नई दिल्ली।** देश में एक साल की अवधि में विभिन्न एयरलाइंस को विमानों से संबंधित 478 तकनीकी खामियों का सामना करना पड़ा। विमान में तकनीकी खामी सामान्य घटना है। तकनीकी खामी विमानों के पाट्र्स और अन्य सहायक उपकरणों के कारण आती है। यह जानकारी नागरिक उड्डयन राज्य मंत्री वीके सिंह ने लोकसभा में सवाल के लिखित जवाब में दी। केंद्रीय मंत्री ने जनवरी 2023 से जनवरी 2024 के बीच के आंकड़े साझा करते हुए बताया कि इस अवधि में इंडिगो को 246 और एअर इंडिया को 63 तकनीकी खामियों का सामना करना पड़ा। वहीं, विस्तारा ने 79, स्पाइसजेट ने 47, एयर एशिया (इंडिया) लिमिटेड ने 22, एलायंस एयर ने सात, अकासा एयर ने छह, फ्लाई बिग ने पांच, ब्लू डार्ट एविएशन ने और ग्राउंडेड गो फर्स्ट ने एक खामी की जानकारी दी। एक अन्य सवाल के जवाब में वीके सिंह ने बताया कि गत वर्ष नवंबर और दिसंबर में कुछ मार्गों पर हवाई किराये में तुलनात्मक वृद्धि हुई थी।

## मदरसे और नमाज स्थल पर कार्रवाई के बाद मचा बवाल

# हलद्वानी सुलगा... दंगाइयों को गोली मारने के आदेश

एजेंसी | हल्द्वानी

हल्द्वानी में नजूल भूमि पर बने अवैध मदरसे और नमाज स्थल पर बुलडोजर कार्रवाई के बाद बवाल मच गया। हालात इतने खराब हो गए कि अराजक तत्वों ने पुलिस प्रशासन व पत्रकारों तक पर पथराव कर दिया। साथ ही कई गाड़ियों में आग लगा दी। हालात बिगड़ने पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने इमरजेंसी मीटिंग बुलाई। इसमें इलाके में कर्फ्यू लगाने और दंगाइयों को देखते ही गोली मारने के आदेश दिए। इस बीच एहतियात को देखते हुए शुक्रवार को हलद्वानी में सभी स्कूलों को बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

बनभूलपुरा थाने में पथराव कर दिया और कई सरकारी गाड़ियों को निजी गाड़ियों को आज के हवाले कर दिया है। यह भी जानकारी सामने आई कि पुलिस द्वारा कई राउंड की फायरिंग भी की गई। पुलिस और प्रशासन के आला अधिकारी भी मौके पर डटे है।



### पुलिस की अधूरी तैयारी, पड़ी सब पर भारी

हल्द्वानी में अतिक्रमण की जमीन पर बने मजार और मदरसा तोड़ने को लेकर पुलिस-प्रशासन की आधी-अधूरी तैयारी अफसरों और पुलिस कर्मियों के साथ पत्रकारों और जनता पर भी भारी पड़ गई। अतिक्रमण तोड़ने गई पुलिस को अंदाजा ही नहीं था कि विरोध में लोगों ने कितनी बड़ी तैयारी की है। पुलिस ने जैसे ही मजार और मदरसा तोड़ना शुरू किया चारों तरफ से जबरदस्त पथराव शुरू हो गया। इसके बाद ये क्रम करीब ढाई घंटे तक चला। पुलिस को अंदाजा ही नहीं था कि लोगों ने घरों की छत्तों में भी पत्थर एकत्र किए हुए हैं। जैसे ही अतिक्रमण तोड़ने की कार्रवाई शुरू हुई पहले तो लोगों ने विरोध किया। इसके बाद एकाएक पत्थरों की बारिश शुरू हो गई।

### स्कूल बंद करने के आदेश जारी

मुख्य शिक्षा अधिकारी नैनीताल ने आदेश जारी किए हैं कि विकास खंड ,हल्द्वानी के समस्त प्रकार के विद्यालय कक्षा 1 से 12 तक संचालित ( राज0, सहायता प्राप्त, मान्यता प्राप्त, सीबीएसई, आंगनबाड़ी केंद्र सहित) शुक्रवार को सुरक्षात्मक कारणों से अनिवार्य रूप से बंद रहेंगे। समस्त प्रकार के विद्यालय उपरोक्त निर्देश का कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करेंगे।



### 20 से ज्यादा पुलिसकर्मी हुए घायल

पुलिस ने हालात को नियंत्रण में रखने के लिए हर संभव प्रयास किए । फिलहाल 20 से अधिक पुलिसकर्मी घायल हैं जबकि कई पत्रकार और नगर निगम के कर्मचारी भी घायल हैं। फिलहाल पुलिस हालात को काबू करने का प्रयास कर रही है।



### पहले भी दिख चुके हैं ऐसे हालात

पहले भी इस इलाक में लगभग 4000 से ज्यादा मकान तोड़े जाने थे, जिसकी याचिका सुप्रीम कोर्ट में चल रही है। इस इलाके में पहले भी इस तरह का माहौल बन चुका है। फिलहाल पुलिस ने इस पूरे क्षेत्र में कर्फ्यू लगाया गया है।

## चंडीगढ़ में मंत्रियों के साथ बैठक

# एमएसपी के मुद्दे पर फिर दिल्ली कूच करेंगे किसान

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में एक बार किसान आंदोलन शुरू होने के आसार है। न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) की गारंटी को लेकर पंजाब के किसान फिर से दिल्ली में कूच करने की तैयारी कर रहे हैं। किसान फसलों के एमएसपी की गारंटी सरकार से चाहते हैं। किसान एकजुट होकर दिल्ली निकलने के लिए तैयार हैं। गौरतलब है कि 2020 में किसान आंदोलन का पूरे देश में असर देखा गया था। तब 378 दिन तक किसान आंदोलन चला था। उस समय दिल्ली हरियाणा से सटे बॉर्डर पर किसानों कैसे बैठे थे।

तब टोल भी फ्री हो गया था क्योंकि किसानों ने टोल प्लाजा पर भी कब्ज कर लिया था। अब किसान फिर आ रहे हैं। इसलिए हरियाणा में ही उन्हें रोकने की तैयारी है। हरियाणा सरकार ने उनकी एंट्री रोकने का इंतजाम शुरू कर दिया है। सड़कों पर बैरिकेडिंग और निगरानी के लिए मोर्चे तय



किए जा रहे हैं। इस बीच हालांकि केंद्र सरकार ने अन्नादाता के आक्रोश को शांत करने का जिम्मा अपने तीन बड़े मंत्रियों को सौंपा है।

कृषि मंत्री अर्जुन मुंडा, पीयूष गोयल, गृह राज्य मंत्री नित्यानन्द राय ने किसान नेताओं से चंडीगढ़ में मुलाकात की है। इसके साथ ही इन नेताओं की मुख्यमंत्री भगवंत मान से भी बात हुई। इनका कहना है कि केंद्रीय मंत्रियों ने MSP के समर्थन हमारी दलीलों को सुना है और कहा है कि दिल्ली में इस बारे में उन्हें बात करनी पड़ेगी. अगर 13 तक कोई दोबारा बात होती है तो अलग बात है मगर फिलहाल 13 फरवरी का हमारा दिल्ली कूच का कार्यक्रम रहेगा।

## थाईलैंड संसदीय प्रतिनिधिमंडल की स्पीकर ओम बिरला से मुलाकात



*नई दिल्ली। अमेरीकी सीनेट की विदेश मामलों की स्थाई समिति की अध्यक्ष पिकुलकेव क्रिरिक्ष के नेतृत्व में थाईलैंड के एक संसदीय प्रतिनिधिमंडल ने गुरुवार को नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से मुलाकात की।*

## जुलाई तक कई सदस्य होंगे रिटायर

# रिटायरमेंट से इस साल राज्यसभा से विदा हो जाएंगे कई अनुभवी चेहरे

एजेंसी | नई दिल्ली

देश में इस बार राज्य सभा से कई अनुभवी सदस्य विदा होंगे। इनमें 3 सांसदों का कार्यकाल तो 27 जनवरी को हो चुका है और 65 सदस्य अभी और रिटायर होंगे।

ऐसे में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने निवर्तमान राज्यसभा सदस्य मनमोहन सिंह समेत इस साल रिटायर होने वाले सभी राज्यसभा सदस्यों को विदाई दी। पीएम मोदी ने कहा कि डॉ. मनमोहन सिंह ने इतने लंबे समय तक जिस तरह से इस सदन और देश का मार्गदर्शन किया है, उसके लिए उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। इस साल उत्तर प्रदेश से सबसे ज्यादा राज्यसभा



सांसद रिटायर होंगे। यहां से 10 सांसदों का कार्यकाल पूरा हो रहा है। इसके बाद बिहार और महाराष्ट्र के छह-छह सांसदों का कार्यकाल पूरा होगा। वहीं, मध्य प्रदेश और बंगाल के भी पांच-पांच राज्यसभा सांसद अपना कार्यकाल पूरा करेंगे।

इसके अलावा कर्नाटक और गुजरात के चार-चार सांसदों का कार्यकाल भी इस साल पूरा हो रहा है।

राज्यसभा 4 मनोनीत सदस्य भी इस साल रिटायर होंगे। आंध्र प्रदेश, ओडिशा, तेलंगाना और केरल के तीन-तीन सदस्यों की राज्यसभा से विदाई होगी, जबकि झारखंड और राजस्थान से दो-दो और हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, सिक्किम और उत्तराखंड से एक-एक राज्यसभा सांसद को रिटायर हो जाएंगे। इन 65 सदस्यों में से एक सदस्य 23 फरवरी को, 55 सदस्यों को 2-3 अप्रैल और 2 सदस्यों को मई में रिटायर होना है। इसके अलावा 1 से 13 जुलाई के बीच 7 राज्यसभा सांसदों का कार्यकाल पूरा होगा।

### बीजेपी के सबसे ज्यादा सांसद होंगे रिटायर

जिन सांसदों का कार्यकाल इस साल पूरा हो रहा है। उनमें से सबसे ज्यादा 32 बीजेपी के हैं। इसके बाद कांग्रेस के 11, टीएमसी के 4, बीआरएस के 3 सांसद शामिल हैं. इसके अलावा जेडीयू, बीजेडी और आरजेडी के दो-दो सदस्य रिटायर हो रहे हैं. इनके अलावा एनसीपी, एसपी, शिवसेना, टीडीपी, वाईएसआरसीपी, एसडीएफ, सीपीआई, सीपीआईएण और केरल कांग्रेस के एक-एक सांसद इस साल अपना कार्यकाल पूरा करेंगे।

### ये प्रमुख सदस्य होंगे रिटायर

रिटायर होने वाले 65 सांसदों में बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह, सुधांशु त्रिवेदी, जया बच्चन, अभिषेक मनु सिंघवी, प्रकाश जावड़ेकर और सुशील कुमार मोदी शामिल हैं।

### ये केंद्रीय मंत्री होंगे रिटायर

रिटायर होने वाले केंद्रीय मंत्री रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव, स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री मनसुख मंडाविया, शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम मंत्री नारायण राणे, संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री वी मुरलीधरन, इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय में राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर, मत्स्य पालन, पशुपालन और डेयरी मंत्री परषोत्तम रूपाला और पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री भूपेंद्र यादव शामिल हैं।

### सदस्यों को दी गई विदाई

इससे पहले सदस्यों को विदाई दी गई। इस दौरान निवर्तमान राज्यसभा सांसद और पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह पर बोलते हुए पीएम नरेंद्र मोदी ने अनुभवी कांग्रेस नेता को संसद के उच्च सदन और साथ ही देश का मार्गदर्शन करने का श्रेय दिया। प्रधानमंत्री ने कहा कि सिंह ने 'व्हीलचेयर में भी काम किया।' यह एक सदस्य के अपने कर्तव्यों के प्रति सचेत रहने का उदाहरण है।

### मेकर्स ने जयपुर में प्लान किया दूसरा प्रीमियर, कलाकार करेंगे प्रमोशन

# किरण राव गुलाबी नगरी में ढूंढने आएंगी अपनी 'लापता लेडीज'

बेधड़क | जयपुर

अब किरण राव-आमिर खान प्रोडक्शंस की फिल्म 'लापता लेडीज' का प्रीमियर जयपुर में होस्ट किया जाएगा। इसकी ग्रेंड तैयारी की जा रही है। किरण राव के निर्देशन में बनी 'लापता लेडीज' जयपुराइट्स के बीच चर्चा में है। ऐसे में यहां प्रीमियर होने पर फिल्म लवर्स उत्साहित हैं।







## जयपुर से पहले भोपाल बना गवाह

गौरतलब है कि हाल ही में भोपाल में फिल्म का एक स्पेशल प्रीमियर होस्ट किया गया, जिसमें सिनेमा प्रेमी गए और उन्होंने कार्यक्रम में उत्साह दिखाया। अब फिल्म के अगले प्रीमियर की बारी जयपुर में है, जिसका आयोजन 10 फरवरी को होगा। इसके लिए निर्देशक किरण राव और मुख्य कलाकार प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और नितांशी गोयल सहित फिल्म की टीम जयपुर जाएगी।

## एक देशी कहानी पर बनी मूवी

'लापता लेडीज' एक देशी कहानी होने के साथ-साथ शहरों पर फोकस करती है। टीम ने फिल्म की शूटिंग मध्य प्रदेश के सीहोर के रियल लोकेशन्स पर की और फिल्म के हिस्से के रूप में गांव के लोगों और जगहों को शामिल किया गया है। जियो स्टूडियोज द्वारा प्रस्तुत, मूवी किरण राव द्वारा निर्देशित और आमिर खान और ज्योति देशपांडे द्वारा निर्मित है। फिल्म आमिर खान प्रोडक्शंस और किंडलिंग प्रोडक्शंस के बैनर तले बनाई गई है, जिसकी स्क्रिप्ट बिप्लब गोस्वामी की अवॉर्ड विनिंग कहानी पर आधारित है। फिल्म के स्क्रीन प्ले और डायलॉग को स्नेहा देसाई के हैं, जबकि एडिशन डायलॉग्स दिव्यनिधि शर्मा ने लिखे हैं।

## जयपुराइट्स को लुभाएंगे ये स्टार्स

फिल्म में प्रतिभा रांटा, स्पर्श श्रीवास्तव और नितांशी गोयल जैसे एक्टर्स हैं। कुछ समय पहले सामने आए फिल्म के ट्रेलर ने किरण राव की इस फिल्म के में लोगों की दिलचस्पी बढ़ाई थी, क्योंकि ये भारत में बसी एक कहानी है।

## सालासर आएंगे 20,000 भक्त



**बेधड़क. जयपुर।** श्री सालासर बालाजी धाम चुरू में श्री हनुमान चालीसा प्रबंध समिति के संरक्षक एवं अध्यक्ष श्री अमरनाथ जी एवं श्री सालासर बालाजी पूजारी परिवार की ओर से 10 फरवरी को होने वाले हनुमान चालीसा के सामूहिक पाठ के पोस्टर का विमोचन गुरुवार को एनएस आउटडोर के डायरेक्टर जेडी माहेश्वरी द्वारा किया गया। इस मौके पर प्रो. डॉ. अतुल गुप्ता, मोनिका गुप्ता, संजीता गौड़, कैलाश कुमावत सहित अन्य भक्त उपस्थित रहे। डॉ. अतुल गुप्ता अखिल भारतीय गोशाला सहयोग परिषद के संयोजक ने बताया कि कार्यक्रम में बंगाल, उड़ीसा, असम, मेघालय, अरुणाचल प्रदेश, महाराष्ट्र, गुजरात, उत्तर प्रदेश, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा और राजस्थान के विभिन्न विभिन्न क्षेत्रों से 20,000 लोग हनुमान भक्त सालासर दरबार के दर्शन करेंगे तथा सामूहिक हनुमान चालीसा में पाठ के कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। पूरे प्रदेश में इस प्रकार के कार्यक्रम 10 फरवरी के बाद में चलाई जाएंगे।

## राजस्थान की मूवीज होंगी खास




**बेधड़क. जयपुर।** जयपुराइट्स एक बार फिर स्थानीय और दुनिया भर की सलेक्टेड मूवीज देख पाएंगे और विशेषज्ञों से मुलाकात कर मूवी मेकिंग आदि के बारे में जान पाएंगे। मौका होगा शुक्रवार से गुलाबी नगरी में शुरू होने वाले 5 दिवसीय जयपुर इंटरनेशनल फिल्म फेस्ट-2024 का, जिसमें लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड भी दिए जाएंगे। पहले दिन जीटी सेंट्रल स्थित आईनोक्स में आयोजन होंगे। इस दौरान 23 अवॉर्डेड फिल्म्स दिखाई जाएंगी। साथ ही कुछ फिल्में राजस्थान से होंगी। रोजाना दोपहर 12 से शाम 6 बजे तक फिल्मों की स्क्रीनिंग होंगी। 10 देशों की दिखाए जाने वाली अवार्डेड फिल्मों में द लास्ट मील, फेहुजाली, बिम्बिसार, सॉन्ग ऑफ द सूफी, कन्ने कलाईमाने, गीला आइसलैंड, द रामराज्य ऑफ भगवान दासन, खेरवाल, मेरे करम, ए पीस लिबर्टी, कुंडालू, वोटिंग फॉर कल्की और द लास्ट डोल आदि शामिल हैं। वहीं 12 फिल्मों की स्क्रीनिंग राजस्थान से होगी, जिनमें बत्ती, वीरबाला, पुष्कर फेयर, पानी और आग, चाह (इच्छा), लव यू म्हारी जान, चल जिंदगी, मैं थांसू दुर नहीं, क्रॉस रोड, एक गांव दिशा की और आंगन और ब्याव खास होंगी।

## City इवेंट्स

### देवनानी ने भेंट किया शहीद का पोर्ट्रेट



**बेधड़क. जयपुर।** विधानसभा अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने विधानसभा में देश की पहली महिला शहीद भारतीय नौसेना अधिकारी लेफ्टिनेंट किरण शेखावत का चित्रकार चन्द्र प्रकाश गुप्ता द्वारा तैयार तेल चित्र (पोर्ट्रेट) उनके पिता विजेन्द्र सिंह शेखावत व परिवारजनों को भेंट किया। गुप्ता 25 वर्षों से राजस्थान के शहीदों के परिजनों को शहीद का तेल चित्र बनाकर भेंट कर रहे हैं। इस अवसर पर संतोष कंवर, संदीप शेखावत, लक्ष्मी राठौड़ व मास्टर निंशात सिहं मौजूद थे। गौरतलब है, कि झुंझुनूं जिले की खेतड़ी तहसील के सेफरगुवार गांव निवासी शहीद लेफ्टनेंट किरण शेखावत गोवा तट पर 24 मार्च 2015 को डोर्नियर दुर्घटना में शहीद हो गई थीं।

### कावड़ निर्माण कार्यशाला 12 से

बेधड़क, जयपुर। जवाहर कला केन्द्र में आयोजित होने वाली कार्यशालाओं की कड़ी में अब प्रदेश की प्रसिद्ध पारंपरिक लोक कला को सीखने का अवसर मिलेगा। इसके लिए 12 से 15 फरवरी तक कावड़ निर्माण कार्यशाला का आयोजन केन्द्र के ग्राफिक स्टूडियो-2 में किया जाएगा। रोजाना दोपहर 3 से शाम 6 बजे तक होने वाली कार्यशाला में निशुल्क हिस्सा ले सकेंगे। इसमें बस्सी, चित्तौड़गढ़ के विशेषज्ञ प्रशिक्षक द्वारिका प्रसाद सुथार व सह प्रशिक्षक गोविंद लाल सुथार कावड़ निर्माण के गुर सिखाएंगे। 16 वर्ष से अधिक आयु के उम्मीदवार कार्यशाला में ऑफ लाइन व गूगल फॉर्म के जरिए आवेदन कर सकते हैं। गौरतलब है बस्सी, चित्तौड़गढ़ की कावड़ ने विश्व स्तर पर पहचान बनाई है। इसमें लकड़ी की कावड़ पर चित्रों के माध्यम से लोक कथाओं को अंकित किया जाता है। चित्तौड़गढ़ व आसपास के क्षेत्रों में इन कथाओं के वाचन की परंपरा है।

### प्लांटेशन करके ला रहे हरियाली



**बेधड़क. जयपुर।** विद्याधर नगर में टीम-10 ने परशुराम सर्कल के पास वाली रोड साइड की ग्रीन बेल्ट में पौधरोपण और श्रमदान किया। इस दौरान तीन ग्रुप बनाकर श्रमदान व प्लांटेशन के साथ साफ-सफाई के काम किए गए। एक ग्रुप ने टैंकर्स पहले से लगे पेड़ों और पौधों में पानी डाला। साथ ही अन्य लोगों ने विद्याधर नगर की विभिन्न गलियों से पिकअप से मलवा उठाया। इसके लिए सभी सुबह 6:30 बजे से 11:30 बजे तक फील्ड में रहे।

### मान सागर सैरगाह पर इंडियन बर्डिंग फेयर आज से

## स्टूडेंट्स व बर्ड लवर्स को देंगे पक्षियों के बारे में जानकारी



बेधड़क | जयपुर

जयपुराइट्स के साथ बर्ड लवर्स गुलाबी नगरी में ही शुक्रवार से दुनिया भर के पक्षियों की जानकारी लेंगे और विदेशी विशेषज्ञों से रूबरू होने का मौका मिलेगा। मौका होगा 27वें इंडियन बर्डिंग फेयर का। इस दौरान कई कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

मान सागर सैरगाह पर आयोजित होने वाले फेयर की थीम 'रिवाइल्डिंग' होगी। दो दिनों तक विशेषज्ञ यहां स्टूडेंट्स, बर्ड लवर्स और जयपुराइट्स को जयपुर आए दुनिया भर के पक्षियों की जानकारी देंगे। थीम के अनुसार प्रकृति व इसकी वन्य प्रजातियों को उनके मूल स्थान पर वापस लाने की एक नवीन प्रक्रिया है। इसका उद्देश्य लोगों को बताना है कि जीवन को बेहतर कैसे बनाया जा सकता है। टूरिज्म व वाइल्ड लाइफ सोसायटी (टीडब्ल्यूएसआई) की ओर से होने वाले पक्षी मेले में राजस्थान सरकार के वन विभाग भी सम्मलित होगा। गौरतलब है कि इंडियन बर्डिंग फेयर का उद्देश्य एक ऐसे आयोजन के जरिए प्रकृति को अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना है।

फेयर में दुनिया के कई हिस्सों से आने वाले पक्षियों को देखा जा सकेगा। ये हजारों किलोमीटर का सफर तय करके हर साल यहां आते हैं। इसमें कई तरह के दुर्लभ पक्षी शामिल होते हैं।

## स्वामी राघवाचार्य वेदांती ने पं. महेश दत्त को भेंट किया 4 खंड का भक्तमाल ग्रंथ



**जयपुर/सीकर।** रेवासा धाम पीठाधीश्वर स्वामी राघवाचार्य वेदांती महाराज ने आशीर्वाद स्वरूप पंडित महेश दत्त गुरुजी को भक्तमाल ग्रंथ के चार खंड भेंट किए। इस दौरान सच बेधड़क मीडिया ग्रुप के फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ विनायक शर्मा भी मौजूद रहे। गौरतलब है कि भक्तमाल ग्रंथ की रचना रेवासा धाम में नाभादास महाराज ने 1585 ईस्वी में की थी।

धार्मिक आयोजन | जैन मंदिरों में मनाया मोक्ष कल्याणक दिवस

# प्रकटित भगवान आदिनाथ की प्रतिमा की पूजा-अर्चना

बेधड़क | जयपुर

जैन धर्म के प्रवर्तक व प्रथम तीर्थंकर भगवान ऋषभदेव का मोक्ष कल्याणक महोत्सव मनाया गया। इस मौके पर शहर के दिगम्बर जैन मंदिरों में पूजा-अर्चना के विशेष आयोजन किए गए और मोक्ष का प्रतीक निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।

राजस्थान जैन युवा महासभा के प्रदेश महामंत्री विनोद जैन कोटखावदा ने बताया कि सुबह मंदिरों में भगवान आदिनाथ के अभिषेक के पश्चात जयकारों के बीच मंत्रोच्चार से विश्व में सुख शांति और समृद्धि



की कामना करते हुए शांतिधारा की गई। इसके बाद अष्ट द्रव्य से पूजा के दौरान निर्वाण कांड भाषा के सामूहिक उच्चारण के बाद भगवान ऋषभदेव के मोक्ष कल्याणक श्लोक-'माघ चतुर्दशी कृष्ण की, मोक्ष गए भगवान। भवि जीवों को बोधिके, पहुंचे शिवपुर जान।।' का सामूहिक रूप से उच्चारण कर जयकारों के साथ अर्घ्य के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। भगवान ऋषभदेव की महाआरती के साथ समापन हुआ।

### पंचामृत से किया अभिषेक

श्रीशांतिनाथ दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र शांतिनाथजी की खोह में भगवान ऋषभदेव के मोक्ष कल्याणक दिवस पर समाज श्रेष्ठी मनोज सोगानी व जैन सोश्यल ग्रुप मेट्रो जयपुर के अध्यक्ष कमल वैद व राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर के प्रदेश मंत्री भारत भूषण जैन के नेतृत्व में प्रकटित 1000 वर्ष प्राचीन भगवान आदिनाथ की प्रतिमा के पंचामृत अभिषेक हुआ। प्रतिमा पर केसर लेपन व शांतिधारा के बाद भगवान की पूजा की गई। पूजा के दौरान निर्वाण काण्ड भाषा का सामूहिक उच्चारण कर जयकारों के बीच मंत्रोच्चार के साथ निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। महाआरती के साथ समापन हुआ।

### 108 किलो का निर्वाण लाडू चढ़ाया

भट्टारकजी की नसियां में आचार्य चैत्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में भगवान आदिनाथ की पूजा के बाद 108 किलो का निर्वाण लाडू चढ़ाया गया। सांगानेर के संघीजी दिगम्बर जैन अतिशय क्षेत्र में भगवान आदिनाथ के महामस्तकाभिषेक के बाद निर्वाण लाडू चढाया गया। दोपहर में आदिनाथ पूजा विधान किया गया। एस एफ एस, सूर्य नगर, चूलगिरी, जग्गा की बावड़ी, आदिनाथ बख्शीजी, दुर्गापुरा, सेठी कॉलोनी, प्रतापनगर सेक्टर 17, मोहनबाडी, जनकपुरी, श्योपुर आदि दिगम्बर जैन मंदिरों में भगवान का निर्वाणोत्सव मनाया जाकर निर्वाण लाडू चढ़ाया गया।



समाज को सबसे ज्यादा नुकसान लोगों के मौन रहने और सामाजिक मुद्दों पर तटस्थ रहने से होता है।

**विनायक शर्मा,** फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

## पाकिस्तान में वोटों की गिनती के शुरुआती रुझानों में नवाज-बिलावल आगे

# पाक में हिंसा के बीच वोटिंग



### बलूचिस्तान में कई जगहों पर ग्रेनेड अटैक

**एजेंसी** | इस्लामाबाद

पाकिस्तान में हिंसा, धांधली और इंटरनेट ठप होने के बीच गुरुवार को मतदान हुआ। मतदान के बाद वोटों की गिनती शुरू हुई। वोटों की गिनती के शुरुआती रुझानों में नवाज-बिलावल आगे बनी हुई है।

इधर, पूर्व पाकिस्तानी प्रधानमंत्री नवाज शरीफ ने विश्वास व्यक्त किया कि है उनकी पार्टी राष्ट्रीय चुनाव जीतेगी। जैसे ही पाकिस्तान में अधिकारियों ने मतदान के दिन देश भर में मोबाइल सेवाओं को निलंबित कर दिया, राष्ट्रमंडल पर्यवेक्षक समूह के प्रमुख डॉ. गुडलक एबेले जोनाथन ने कहा कि वोट डालना इंटरनेट सेवाओं से अधिक महत्वपूर्ण है। उधर, वोटिंग के बीच हुए एक आतंकवादी हमले में चार पुलिसकर्मियों की जान चली गई। इससे पहले, चुनाव से ठीक एक दिन पहले भी बलूचिस्तान प्रांत में चुनाव कार्यालयों को निशाना बनाकर दो बम विस्फोट किए गए थे, जिसमें कम-से-कम 30 लोग मारे गए और 30 अन्य घायल हो गए। मतदान के बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान जेल में बंद हैं। माना जा रहा है कि पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की पार्टी इस चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के तौर पर उभर कर सामने आ सकती है क्योंकि उसे सेना का समर्थन प्राप्त है।

### मोबाइल सेवाएं निलंबित

पाकिस्तान की कार्यवाहक सरकार ने कहा कि पाकिस्तान में बिगड़ते सुरक्षा हालात के कारण मोबाइल सेवाएं निलंबित कर दी गई हैं। गृह मंत्रालय ने कहा कि उसने 'बिगड़ते सुरक्षा हालात' के मद्देनजर 'देश भर में मोबाइल सेवाओं को अस्थायी रूप से निलंबित करने' का निर्णय लिया है। ऐसी खबरें भी हैं कि कराची और पेशावर सहित कुछ शहरों में फोन सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। मुख्य चुनाव आयुक्त सिकंदर सुल्तान राजा ने इंटरनेट और सेलुलर सेवाओं के प्रभावित होने पर कहा कि ईसीपी सेवाएं पुन: शुरू करने के लिए मंत्रालय से नहीं कहेगा।

### बम हमले में मारे गए चार पुलिसकर्मी

खैबर-पख्तूनख्वा प्रांत में चुनाव सुरक्षा के लिए तैनात पुलिसकर्मियों के वाहन पर गुरुवार को अज्ञात बंदूकधारियों ने हमला कर दिया। इस हमले में चार पुलिसकर्मी मारे गए और छह अन्य घायल हो गए। पुलिस ने बताया कि हमले के समय वाहन डेरा इस्माइल खान के कलाची पुलिस स्टेशन एरिया में खड़ा था। इन पुलिसकर्मियों को ग्राहा असलम मतदान केंद्र की सुरक्षा के लिए तैनात किया गया था। यह हमला अशांत बलूचिस्तान प्रांत में दोहरे आतंकवादी हमलों में कम से कम 30 लोगों के मारे जाने के एक दिन बाद हुआ। हमले के पीड़ितों के शवों और घायलों को अस्पताल पहुंचाया गया।



### इमरान खान ने जेल से डाला वोट

इस बीच पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान ने एक पूर्व रिकॉर्डेड संदेश में जनता से अपने मताधिकारों का इस्तेमाल करने को कहा। 71 वर्षीय इमरान खान और जेल में बंद अन्य प्रमुख राजनीतिक हस्तियों ने अदियाला जेल से डाक मतपत्र के जरिए वोट डाला। वहीं पूर्व विदेश मंत्री शाह महमूद कुरैशी, पंजाब के पूर्व मुख्यमंत्री चौधरी परवेज इलाही, अवामी मुस्लिम लीग के प्रमुख शेख राशिद, पूर्व सूचना मंत्री फवाद चौधरी ने डाक से अपना वोट भेजा।


## ईरान समर्थित शीर्ष मिलिशिया कमांडर सहित तीन की मौत

# अमेरिका का बगदाद में कार पर ड्रोन से अटैक

**एजेंसी** | बगदाद

इराक की राजधानी बगदाग में अमेरिकी ड्रोन से एक कार पर हमला किया गया है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक, इस हमले में ईरान समर्थित मिलिशिया समूह कताइब हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर सहित तीन सदस्य मारे गए।

अमेरिकी ड्रोन ने पूर्वी बगदाद के मश्तल इलाके में मुख्य मार्ग पर जिस गाड़ी को निशाना बनाया, उसमें शक्तिशाली कताइब हिजबुल्लाह के कमांडर और उसके दो सहयोगी सवार थे। आपात सेवा की टीम के मौके पर पहुंचने से पहले ही कार जलकर राख हो चुकी थी। इस दौरान मौके पर भीड़ भी जमा हो गई। एक अमेरिकी अधिकारी ने बताया कि ड्रोन हमले में कताइब हिजबुल्लाह के शीर्ष कमांडर को निशाना बनाया गया। इराक के अधिकारियों के मुताबिक, मृतकों में से एक की पहचान विसाम मोहम्मद अबू बक्र अल-सादी के रूप में हुई है, जो सीरिया में कताइब हिजबुल्लाह के ऑपरेशन का प्रभारी कमांडर था।



### इराक और सीरिया में आतंकी समूहों के ठिकानों पर किए थे हमले

जॉर्डन में सैन्यअड्डे पर हमले के बाद अमेरिका ने पिछले हफ्ते ही इराक और सीरिया में ईरान समर्थित आतंकी समूहों के दर्जनों ठिकानों पर बमबारी की थी, जिसमें कई मिलिशिया सदस्य मारे गए थे। क्षेत्र में तनाव के बीच अमेरिका ने एक बार फिर ड्रोन हमला किया। अमेरिका ने जॉर्डन में सैन्य अड्डे पर हुए हमले के लिए इराक के इस्लामिक रेजिस्टेंस को जिम्मेदार ठहराया है। अधिकारियों का कहना है कि मारा गया मिलिशिया कमांडर इस्लामिक रेजिस्टेंस संगठन का सरगना था। इस्लामिक रेजिस्टेंस ने इजराइल-हमास युद्ध के बाद इराक में अमेरिकी सैनिकों पर हमले की जिम्मदारी ली थी।

## नाटो के युद्धाभ्यासों के जवाब में तीनों देश मिल करेंगे सैन्य अभ्यास

# ईरान, रूस और चीन करेंगे युद्धाभ्यास

**एजेंसी** | तेहरान

शीतयुद्ध के बाद नाटो के 31 देशों के सबसे बड़ा युद्धाभ्यास शुरू करने के बाद अब ईरान, रूस और चीन एक जवाबी युद्धाभ्यास शुरू करने जा रहे हैं। ईरान ने कहा है कि वह कुछ ही हफ्तों में चीन और रूस के साथ मिलकर नाटो के युद्धाभ्यासों के जवाब में एक शक्तिशाली सैन्य अभ्यास करेगा।



ईरान की नौसेना के कमांडर रियर एडमिरल शाहराम इरानी ने कहा कि यह संयुक्त नौसैनिक अभ्यास मार्च के अंत से पहले होगा और इसका उद्देश्य 'क्षेत्रीय सुरक्षा' है। उन्होंने कहा कि हालांकि अभ्यास का स्थान अभी तक तय नहीं किया गया है। ओमान की खाड़ी में ही पिछले साल मार्च में इन तीन देशों के नौसैनिक बेड़े ने एक अलग संयुक्त अभ्यास किया था। ईरानी समाचार एजेंसी तस्नीम के अनुसार, अन्य देशों को पर्यवेक्षक के रूप में इस 'युद्ध अभ्यास' में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया गया है। एडमिरल इरानी ने कहा, 'हम मार्च के अंत से पहले होने वाले ईरान, चीन और रूस के नौसैनिक अभ्यास में भाग लेने के लिए अन्य देशों को भी आमंत्रित करते हैं।'

### भारत रूस के करीब, उसे अमेरिकी नेतृत्व पर भरोसा नहीं

**वॉशिंगटन।** भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार निक्की हेली ने कहा कि भारत रूस के साथ साझेदारी करता है, क्योंकि उसे अमेरिकी नेतृत्व पर भरोसा नहीं है। उन्होंने भारत के प्रधानमंत्री मोदी से बात की है। हेली ने अमेरिका द्वारा भारत को रूस से सस्ता तेल खरीदने की अनुमति दिए जाने संबंधी सवालों का जवाब देते हुए कहा कि भारत हमारे साथ भागीदार बनना चाहता है।

# भारत-यूएई में बड़ी डिफेंस डील

**एजेंसी** | रियाद

मध्य पूर्व में जारी संघर्ष के बीच भारत के हाथ बड़ी डिफेंस डील लगी है। सऊदी अरब ने रियाद डिफेंस एक्सपो के दौरान भारत से 155 एमएम तोपखाने के गोले की खरीद को लेकर बड़ा समझौता किया है। रिपोर्ट के अनुसार, यह कॉन्ट्रैक्ट भारतीय रक्षा निर्माता म्यूनिशंस इंडिया लिमिटेड (MIL) को मिला है, जिसकी कीमत 225 मिलियन डॉलर है। इसे पाकिस्तान के लिए बहुत बड़ा झटका माना जा रहा है, क्योंकि सऊदी अरब अब तक डिफेंस डील के लिए अमेरिका के अलावा पाकिस्तान पर निर्भर रहा है। यह भारत के ऑर्डिनेंस फैक्ट्री बोर्ड या उसके उत्तराधिकारी कंपनियों के लिए अब तक का सबसे बड़ा ऑर्डर है।

**यूएई भी भारत से खरीदता है तोप के गोले:** ऑर्डिनेंस फैक्ट्री से 2017 और 2019 में संयुक्त अरब अमीरात ने भी क्रमश 40,000 और 50,000 155 मिमी तोपखाने के गोले खरीदे थे। 2017 में ऑर्डर का मूल्य लगभग 40 मिलियन अमेरिकी डॉलर और 2019 में 46 मिलियन अमेरिकी डॉलर था। MIL ने सोशल मीडिया पर इस कॉन्ट्रैक्ट की घोषणा की है। एमआईएल भारतीय रक्षा मंत्रालय की सहायक कंपनी है। यह 155 मिमी, 105 मिमी और 125 मिमी के गोला-बारूद की एक विस्तृत श्रृंखला को बनाती है।

## मून ऑर्बिटर ने रिकॉर्ड किए 1400 से ज्यादा रहस्यमय सौर तूफान

# चंद्रयान-2 के नाम एक और सफलता

**एजेंसी** | वाशिंगटन

भारत के चंद्रयान-2 चंद्रमा ऑर्बिटर ने भारी तादाद में रहस्यमय सोलर फ्लेयर्स का पता लगाते हुए इनको सूचीबद्ध किया है। इस नए शोध ने सूर्य के वायुमंडल से आने वाले रहस्यमय, धीमी गति से बढ़ने वाले और अत्यधिक गर्म विस्फोटों की एक सूची बनाई है। इससे पता चलता है कि इन अजीब तरह की सुस्त चमक की पर्याप्त मात्रा, जो पहली बार 1980 के दशक में खोजी गई थी, एक गहरी जांच की आवश्यकता है। धीमी गति से बनने वाली सोलर फ्लेयर्स की सबसे व्यापक सूची से पता चलता है कि ये सभी तेज नहीं होती हैं। सोलर फ्लेयर्स ऊर्जा के विस्फोट हैं, जो तब घटित होते हैं जब सूर्य की चुंबकीय क्षेत्र रेखाएं क्रॉस करती हैं या फिर टूट जाती हैं और अंधेरे स्थानों के आसपास फिर से जुड़ जाती हैं। इनको सनस्पॉट कहा जाता है। ये रेडिएशन अगर तेज हो तो उपग्रहों को नुकसान पहुंचा सकता है। यहां तक कि पृथ्वी पर बिजली और संचार बुनियादी ढांचे को भी प्रभावित कर सकता है। कुछ मिनटों से लेकर कुछ घंटों तक चलने वाली सोलर फ्लेयर्स को उनके द्वारा उत्सर्जित ऊर्जा की मात्रा के आधार पर वर्गीकृत किया जाता है।

### चंद्रयान-2 से लगाया 1400 फ्लेयर्स का पता



चंद्रयान-2 के लूनार ऑर्बिटर का उपयोग करते हुए शोधकर्ताओं की टीम ने तीन साल में धीमी गति से बढ़ने वाली ऐसी 1,400 ज्वालाओं का पता लगाया है। इससे पिछले 40 वर्षों के सौर अध्ययन के दौरान पाई गई लगभग 100 धीमी ज्वालाओं की सूची में एक अहम वृद्धि हुई है। 2000 के दशक की शुरुआत से ही सोलर फिजिक्स कम्युनिटी में इस बात पर आम सहमति थी कि ज्यादातर सोलर फ्लेयर्स तेजी से बढ़ती तीव्रता वाली होती हैं, जिसके बाद धीमी गति से क्षय होता है, लेकिन इस शोध से पता चला है कि सभी सौर ज्वालाएं उस पैटर्न का पालन नहीं करती हैं। इस शोध टीम को कैलिफोर्निया विश्वविद्यालय के अरविंद भारती वल्लुवन डिएगो ने लीड किया है। वल्लुवन ने कहा, पहले धीमी गति से बढ़ने वाली फ्लेयर्स या हॉट थर्मल ज्वालाओं को नजरअंदाज कर दिया गया था क्योंकि अवलोकन डेटा में सौर ज्वालाओं का पता लगाने के लिए उपयोग किए जाने वाले कंप्यूटर एल्गोरिदम ने तेजी से बढ़ने वाली फ्लेयर्स पर ध्यान केंद्रित किया। हमने ऐसा नहीं किया और अधिक सामान्य दृष्टिकोण अपनाया।







सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
सच बेधड़क

“सच बेधड़क” दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl